आर्थिक समीक्षा
Economic Review
1994-95

राजस्थान सरकार
GOVERNMENT OF RAJASTHAN

25515

आर्थिक समीक्षा
Economic Review
1994-95

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना भवन, राजस्थान, जयपुर
DIRECTORATE OF ECONOMICS & STATISTICS, YOJANA BHAVAN, RAJ., JAIPUR



प्रस्तावना

आर्थिक समीक्षा बजट से सम्बन्धित प्रलेख है, जो कि परम्परागत रूप से, गत वर्षों में "आय व्ययक अध्ययन" नामक प्रकाशन में सम्मिलित की जाती थी। इस वर्ष "आर्थिक-समीक्षा 1994-95" पृथक से एवं बजट से पूर्व प्रस्तुत की जा रही है। इस प्रकाशन में, राजकीय विभागों के कार्यकलापों एवं कार्यक्रमों का तुलनात्मक विवरण दिया गया है, जो राज्य की अर्थ व्यवस्था के वृहद परिदृश्य को परिलक्षित करता है।

आशा करता हूँ कि यह प्रकाशन जनप्रतिनिधियों, राजकीय विभागों, विभिन्न संस्थाओं, शिक्षाविदों एवं राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए उपयोगी होगा।

(भैरों सिंह शेखावत)
मुख्य मंत्री

Foreword

The Economic Review is Budget related document which has traditionally been incorporated in the publication entitled "Budget Study" in the past. This year, the "Economic Review - 1994-95" is being presented separately and in advance of the Budget. While depicting the macro level view of economy of the State, it seeks to depict the activities and programmes of various Departments in a dynamic and comparative framework.

I hope that the publication will prove useful to public representatives, Government Departments, various organisations and academicians and who are interested in the major issues and analysis of the socio-economic development of the State.

(Bhairon Singh Shekhawat)
Chief Minister

भूमिका

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान द्वारा " आर्थिक समीक्षा", 1994-95 का प्रकाशन किया जा रहा है। यह प्रथम प्रकाशन है जो कि पूर्व में "आय-व्ययक अध्ययन" में सम्मिलित किया जाता रहा है। इस प्रकाशन में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण गतिविधियों की प्रगति, मानचित्रों एवं रेखा चित्रों सहित आर्थिक विकास के मुख्य सूचकांक एवं राज्य की अर्थव्यवस्था का वृहद परिदृश्य दिया गया है।

मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने इस प्रकाशन को समय पर निकालने में अपना सहयोग दिया।

आशा करता हूँ कि यह प्रकाशन पाठकों के लिए उपयोगी होने के साथ-साथ शोध कर्ताओं एवं राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास से जुड़ी संस्थाओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

(एम. के. खन्ना)
शासन सचिव,
आयोजना विभाग, राजस्थान।

INTRODUCTION

Directorate of Economics and Statistics, Rajasthan is bringing out a Publication entitled "Economic Review", 1994-95. It is the first publication which in the past, has been a part of the "Budget Study". Macro level overview of economy of the State, important indicators of Economic Growth along with charts and graphs and the progress of important activities of various departments under the State Govemment have been given in the publication.

I am grateful to all those who have made efforts in bringing out this publication in time.

I hope this publication will be useful for the readers and assist the research scholars and the institutions engaged in the work of Socio-economic developments of the State.

(M. K. KHANNA)
Secretary to Govt.,
Planning Department, Rajasthan.

विषय सूची
CONTENTS

पृष्ठ
Page

I. आर्थिक समीक्षा 1994-95

- आर्थिक विकास के मुख्य सूचक 1

1. सामान्य पुनरावलोकन 3
   - वृहद आर्थिक परिदृश्य

2. राज्य घरेलू उत्पाद एवं वित्त 8

   2.1 राज्य घरेलू उत्पाद
   2.2 अष्टम् पंचवर्षीय योजना एवं वार्षिक योजना 1994-95
   2.3 बैंकिंग

3. मूल्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली 14

   3.1 थोक मूल्य सूचकांक
   3.2 उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
   3.3 सार्वजनिक वितरण प्रणाली

4. उद्योग एवं खनिज 17

   4.1 उद्योग
   4.2 खादी एवं ग्रामोद्योग
   4.3 कारखाना एवं बायलॅर्स
   4.4 खनिज
   4.5 श्रम
   4.6 रोज़गार

5. कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र 23

   5.1 मानसून
   5.2 कृषि उत्पादन
   5.3 कृषि विस्तार एवं आदान प्रबन्धन
   5.4 सिंचाई
   5.5 पशु पालन
   5.6 दुग्ध विकास
   5.7 भेड़ पालन
   5.8 मत्स्य पालन
   5.9 वन
   5.10 वन्य जीव संरक्षण

पृष्ठ
Page

6. आधारभूत ढांचागत विकास 30

6.1 विद्युत
6.2 गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत-रेडा
6.3 परिवहन एवं संचार
- सड़क
- सड़क परिवहन

7. सामाजिक आधारभूत विकास 35

7.1 मानव संसाधन विकास
7.2 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
7.3 परिवार कल्याण
7.4 जल-आपूर्ति
7.5 आवास
7.6 पिछड़ी जातियों का कल्याण एवं समाज कल्याण
- अनुसूचित जाति कल्याण
- अनुसूचित जनजाति कल्याण
- महिला एवं बाल कल्याण

8. ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज 40

9. अन्य कार्यक्रम 42

9.1 बीस सूत्री कार्यक्रम
9.2 अकाल एवं सहायता
9.3 अल्प बचत

10. राज्य में आरम्भ किये गये आर्थिक एवं वित्तीय सुधार 45

10.1 उद्योग एवं राजकीय उपक्रम
10.2 कर सुधार
10.3 उर्जा क्षेत्र
10.4 अन्य

II. आर्थिक स्थिति की तालिकाएँ
TABLES OF ECONOMIC SITUATION

1. राजस्थान की राज्य आय औद्योगिक उद्भव प्रचलित कीमतों पर एवं प्रतिशत विभाजन 49
State Income of Rajasthan by industrial origin at current prices and percentage distribution

पृष्ठ
Page

2. राजस्थान की राज्य आय औद्योगिक उद्भव स्थिर (1980-81) कीमतों पर एवं प्रतिशत विभाजन 51
State income of Rajasthan by industrial origin at constant (1980-81) prices and percentage distribution

3. राजस्थान में कृषि उत्पादन का सूचकांक 53
Index Numbers of Agricultural Production in Rajasthan

4. औद्योगिक उत्पादन 56
Industrial Production

5. राजस्थान के थोक भाव सूचकांक 58
Indices of Wholesale Prices in Rajasthan

6. उपभोक्ता भाव सूचकांक 60
Indices of Consumer Price

7. राजस्थान में अकाल/अभाव स्थिति से हुई क्षति 62
Loss due to Famine/Scarcity condition in Rajasthan

8. राज्यवार महत्वपूर्ण आर्थिक सूचक 63
Statewise Important Economic Indicators

III. ECONOMIC REVIEW

- Key Indicators of Economic Development 68

1. General Review 71

- Macro Economic Overview

2. State Domestic Product and Finance 80

2.1 State Domestic Product
2.2 Eighth Five Year Plan and Annual Plan 1994-95
2.3 Banking

		पृष्ठ Page
3.	Prices and Public Distribution System	88
	3.1 Wholesale Price Index Numbers	
	3.2 Consumer Price Index Numbers	
	3.3 Public Distribution System	
4.	Industries and Mines	92
	4.1 Industries	
	4.2 Khadi and Village Industries	
	4.3 Factories and Boilers	
	4.4 Minerals	
	4.5 Labour	
	4.6 Employment	
5.	Agriculture and Allied Sectors	100
	5.1 Monsoon	
	5.2 Agriculture Production	
	5.3 Agriculture Extension and Input Management	
	5.4 Irrigation	
	5.5 Animal Husbandry	
	5.6 Dairy Development	
	5.7 Sheep Husbandry	
	5.8 Fisheries	
	5.9 Forestry	
	5.10 Preservation of Wild Life	
6.	Basic Infrastructural Development	110
	6.1 Power	
	6.2 Non-Conventional Sources of Energy - REDA	
	6.3 Transport and Communication	
	- Roads	
	- Road Transport	
7.	Social Infrastructural Development	116
	7.1 Human Resource Development	
	7.2 Medical and Health	
	7.3 Family Welfare	

पृष्ठ
Page

7.4 Water Supply
7.5 Housing
7.6 Welfare of Backward Classes and Social Welfare
- Welfare of Scheduled Castes
- Welfare of Scheduled Tribes
- Welfare of Women and Children

8. Rural Development and Panchayati Raj 124

9. Other Programmes 127

9.1 Twenty Point Programmes
9.2 Famine and Relief
9.3 Small Savings

10. Economic and Financial Reforms initiated in the State 130

10.1 Industry and State Enterprises
10.2 Tax Reforms
10.3 Power Sector
10.4 Others

*****

आर्थिक समीक्षा

1994-95

आर्थिक विकास के मुख्य सूचक

विवरण	इकाई	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95@
1	2	3	4	5	6
1. सकल घरेलू उत्पाद	करोड़ रूपये				
(a) प्रचलित कीमतों पर		22986	26458	28015	
(b) स्थिर कीमतों (1980-81) पर		8939	9906	9344	10793
*2.अग्रिम अनुमानों के आधार पर आर्थिक वृद्धि दर	प्रतिशत				
(a) प्रचलित कीमतों पर		10.99	15.10	5.88	
(b) स्थिर कीमतों (1980-81) पर		(-)5.58	10.82	(-)5.67	15.51
3. सकल घरेलू उत्पाद से वृद्द क्षेत्र का प्रतिशत स्थिर कीमतों (1980-81) पर	प्रतिशत				
(अ) प्राथमिक		43.05	45.57	40.51	44.79
(ब) द्वितीय		21.97	20.69	23.19	21.37
(स) अन्य सेवायें (तृतीयक)		34.98	33.74	36.30	33.84
4. कृषि उत्पाद सूचकांक (आधार 1979-82 =100)	सूचकांक	182.33	216.67	156.38	अप्राप्त
5. कुल खाद्यान उत्पादन	लाख टन	79.81	114.79	70.45	105.37
6. औद्योगिक विनिर्माण उत्पाद सूचकांक (आधार 1970=100)	सूचकांक	272.71	269.17	335.19	निर्माणाधीन
+7. समान्य थोकभाव सूचकांक (आधार 1952-53 =100)	सूचकांक				
(अ)सूचकांक		1467.8	1622.7	1668.7	1827.61
(ब)प्रतिशत वृद्धि		24.17	10.55	2.83	9.52
+8. औद्योगिक क्षमिकों के लिये सामान्य उपभोका सूचकांक (आधार 1982=100)	सूचकांक				
(a) जयपुर केन्द्र		210	228	245	269
(b) अजमेर केन्द्र		217	243	253	280
9. विद्युत उत्पादन (उत्पादन+क्रय)	मि.यूनिट	12979.59	14666.50	15374.86	15329.15
-प्रतिशत वृद्धि		16.47	13.00	4.83	(-)0.30
#10. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक साख	करोड़ रू.	3141.61	3507.37	3912.41	4210.48
-प्रतिशत वृद्धि		13.22	11.64	11.55	7.62

@ वर्ष 1994-95 की सूचना प्रावधानिक है।

* सकल राज्य घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष से वृद्धि दर्शाती है।

+ थोक भाव सूचकांक/उपभोका सूचकांक कैलेन्डर वर्ष 1991, 1992,1993 व 1994 के लिये।

समंक सितम्बर 1991,1992,1993 व 1994 के लिये।

चयनित मुख्य सूचक

सकल घरेलू उत्पाद



विद्युत उत्पादन (उत्पादन एवं क्रय)



सकल घरेलू उत्पाद में वृहद् क्षेत्रों का प्रतिशत



सामान्य थोकभाव सूचकांक



कुल खाद्यान्न उत्पादन



अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक सारव



1. सामान्य पुनरावलोकन 1994-95

वृहद आर्थिक परिदृश्य

राजस्थान राज्य 3.42 लाख वर्ग कि०मी० क्षेत्र में फैला देश का दूसरा बड़ा राज्य है, जिसकी 1040 कि०मी० लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमाएँ पाकिस्तान के साथ लगी है तथा राज्य की सीमाएँ पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश व गुजरात राज्य से भी जुड़ी हुई है। प्रशासनिक दृष्टि से राजस्थान 31 ज़िलों में बंटा हुआ है, तथा ये ज़िले पुनः 213 तहसीलों एवं 237 पंचायत समितियों में विभक्त है।

राजस्थान राज्य की प्रमुख विशेषताएँ निम्न सारणी में दर्शाई गई है:

	मद	वर्ष	इकाई	विवरण
1-	क्षेत्रफल	1991	लाख वर्ग कि०मी०	3.42
2-	ज़िले	1994	संख्या	31
3-	उपखण्ड	1991	संख्या	90
4-	तहसीलें	1991	" "	213
5-	जिला परिषदें	1994	" "	31
6-	पंचायत समितियाँ	1991	" "	237
7-	ग्राम पंचायतें	1994	" "	9173
8-	कुल गाँव	1991	" "	39810
9-	कुल आबाद गाँव	1991	" "	37889
10-	कुल कस्बे	1991	" "	222

राजस्थान की स्थलाकृति में विश्व की सबसे पुरानी पर्वत माला अरावली पहाड़ियों की प्रमुखता है। अरावली पहाड़ियाँ राज्य के मुख्य भाग से होती हुई 692 कि०मी० तक फैली हुई है। 11 ज़िलों एवं राज्य के कुल क्षेत्रफल का लगभग 60 प्रतिशत पश्चिमी एवं उत्तर पश्चिमी क्षेत्र भारत का महा रेगिस्तान "थार" कहलाता है।

वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार राज्य की जनसंख्या 4.40 करोड़ है। (अक्टूबर 1994 को राज्य की अनुमानित जनसंख्या 4.81 करोड़ है।)

राजस्थान की जनसंख्या के कुछ महत्वपूर्ण तथ्य निम्न प्रकार है:

1- जम्मू कश्मीर एवं उत्तर पूर्वी राज्यों को छोड़कर वर्ष 1981-91 में अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान की जनसंख्या वृद्धि दर सबसे अधिक है।

2- वर्ष 1991 में राजस्थान मे प्रति 1000 पुरुषों पर 913 महिलाओं की संख्या अखिल भारतीय स्त्री पुरुष अनुपात 929 से कम है।

3- राज्यों मे बिहार को छोड़ कर वर्ष 1991 मे राज्य की साक्षरता दर 38.55 प्रतिशत सबसे कम है।

4- राजस्थान में महिला साक्षरता केवल 20.44 प्रतिशत हैं जो देश में सबसे कम है। अखिल भारतीय महिला साक्षरता का प्रतिशत 39.29 प्रतिशत है।

वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार राज्य में जनसंख्या घनत्व 129 व्यक्ति प्रति वर्ग कि०मी० है, तथा ज़िलेवार जनसंख्या घनत्व में काफ़ी असमानताएँ हैं। राज्य की जलवायु सामान्यतया शुष्क रहती है। राज्य में वर्षा की कमी ही नहीं बल्कि उसमें वर्ष दर वर्ष और कमी के कारण सूखे की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। प्रति व्यक्ति आय की दृष्टि से देश के 17 प्रमुख राज्यों में राजस्थान का दसवाँ स्थान है, जिसका कारण विरासत में मिला कमज़ोर आर्थिक आधार है। राज्य अपने सीमित साधनों को जुटाने की दिशा में निरन्तर प्रयत्नशील है।

राजस्थान कृषि प्रधान राज्य है। राज्य की अर्थ व्यवस्था मे कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। कुल राज्य आय का लगभग आधा भाग कृषि एवं उससे सम्बद्ध कार्यकलापों से उपलब्ध होता है। कृषि उत्पादन के लिए सिंचाई अति आवश्यक है। राज्य में सतही जल स्रोतों की कमी है । वर्षा के अभाव एवं विषमता के कारण भूमिगत जल स्तर गिरता जा रहा है, अतः कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। राज्य में कृषि उत्पादन बढ़ाने पर निरंतर बल दिया जा रहा है। वर्ष 1950-51 के 33.80 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन कि तुलना में वर्ष 1994-95 में 105.37 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। वर्ष 1951-52 से शुद्ध सिंचित क्षेत्र में लगभग चार गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 1994 में राज्य में संतोषजनक वर्षा हुई, जिससे वर्ष 1994-95 मे अधिक मात्रा में खाद्यान्न उत्पादन की आशा है। वर्ष 1994-95 में पूर्व वर्ष की अपेक्षा 49.57 प्रतिशत अधिक खाद्यान्न उत्पादन संभावित है। वर्ष 1994-95 मे 18.20 लाख टन दालो के उत्पादन का अनुमान लगाया गया है, जो कि पिछले वर्ष से 70.25 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 1991-92 के 27.11 लाख टन रिकार्ड उत्पादन को पार कर वर्ष 1994-95 में तिलहन का उत्पादन 32.69 लाख टन होने की संभावना है।

देश के 10.4 प्रतिशत भू भाग में फैले इस राज्य में केवल 1.04 प्रतिशत सतही जल उपलब्ध है तथा इस दृष्टि से राजस्थान के लिए जल एक जटिल संसाधन है। कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में जल बचत के साधन अपना कर जल के सजग उपयोग पर अधिक बल दिया जा रहा है। सरकार की दूसरी नीति अपने हिस्से के अन्तर्राज्यीय जल के समुचित उपयोग की है। इस दिशा में सम्बंधित राज्यों के साथ "यमुना जल बंटवारा" एक ऐतिहासिक समझौता है, जिसके फलस्वरूप राज्य के पूर्वी भाग में 111.9 करोड़ घन मीटर जल उपलब्ध हो सकेगा।

हाल ही में राज्य सरकार ने एक विस्तृत औद्योगिक नीति तैयार की है, जो राज्य में अधिक विनियोजन के अवसर जुटाने में सहायक होगी। इस औद्योगिक नीति से नए उद्योगों को प्रोत्साहन एवं रियायतें उपलब्ध होगी।

औद्योगिक नीति 1994 के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राज्य सरकार द्वारा नियमों एवं कार्य विधि में सुधार एवं सरलीकरण, त्वरित आदानों को सुनिश्चित करने, आधारभूत ढाँचे के विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने, रोज़गारोंमुखी एवं ग्रामीण उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहन देने जैसे अनेक उपाय किए गए है।

राज्य सरकार के सुधारवादी एवं नवीनतम उपायों के कारण राज्य के औद्योगिक परिदृश्य में आशातीत परिवर्तन आया है। पूर्व वर्षों की तुलना में औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि के साथ उसमें विविधताएं आई हैं।

इस समय राज्य सिंथेटिक यार्न , सीमेंट, टी०वी० पिक्चर ट्यूब्स, रसायन एवं खाद यहाँ तक विभिन्न प्रकार की इलैक्ट्रोनिक वस्तुओं आदि का बड़ा उत्पादक है।

खान एवं खनिज क्षेत्र में राजस्थान का एक महत्वपूर्ण स्थान है। जिन खनिजों की बहुलता के कारण राज्य भूगर्भीय रूप से सम्पन्न है तथा जिन महत्वपूर्ण खनिजों से राज्य का नाम बहुलता के साथ जुड़ा है, उनमें अलौह धातु (शीशा, जस्ता एवं ताम्बा) तथा लौह धातु जैसे टंगस्टन एवं अनेक औद्योगिक खनिज सम्मिलित है।

लघु खनिज विशेषतः सजावटी पत्थर जैसे मार्बल , कोटा स्टोन, सैंड स्टोन आदि के क्षेत्र में राजस्थान का एक विशेष स्थान है तथा देश के कुल लघु खनिज उत्पादन मूल्य में राजस्थान का लगभग 30 प्रतिशत योगदान है।

राज्य में खनिज विकास क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन आए है। पिछले चार दशकों में बहुत से नए खनिज भण्डारों की खोज की गई है। वर्तमान में राज्य में लगभग 42 वृहद तथा 23 लघु खनिजों का दोहन किया जा रहा है।

प्रतिस्पर्धात्मक एवं अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण पर आधारित खुले बाज़ार की अर्थ व्यवस्था की ओर झुकाव को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने खनिज नीति 1994 की घोषणा की है, जो की मुख्यतः जनजाति एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक द्वारा राज्य की खनिज सम्पदा के शीघ्र दोहन में सहायक होगी। नई खनिज नीति के अन्तर्गत खनन क्षेत्र में मुख्यतः अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य कमज़ोर वर्गों के लिए नियोजन के अवसरों में वृद्धि होगी।

राज्य का खनिज एवं भू विज्ञान विभाग तथा राजस्थान राज्य खनिज विकास निगम खनिज स्रोतों के त्वरित एवं वैज्ञानिक तरीक़ों से दोहन के लिए कार्य कर रहे है। उत्पादन से सम्बंधित सभी आर्थिक गतिविधियों के लिए ऊर्जा एक आवश्यक आदान है। अतः राज्य योजनाओं में ऊर्जा विकास को सदैव प्राथमिकता दी गई है। आठवीं पंचवर्षीय योजना में कुल योजना प्रावधान का लगभग 28.31 प्रतिशत ऊर्जा क्षेत्र के लिए निर्धारित किया गया है। फ़रवरी 1995 तक 30654 गाँवों का विद्युतीकरण तथा 4.78 लाख कुओं को ऊर्जाकृत किया जा चुका है।

राज्य के त्वरित आर्थिक विकास हेतु यातायात एवं संचार साधनों का विकसित होना परम आवश्यक है। यातायात एवं संचार की दृष्टि से राजस्थान एक अर्ध-विकसित राज्य है। जल मार्गों के न होने एवं रेल प्रणाली के अपर्याप्त विस्तार के कारण सड़कें ही राज्य में आवागमन का प्रमुख साधन हैं।

हाल ही में राज्य सरकार द्वारा प्रथम सड़क नीति का अनुमोदन किया गया है। सड़क नीति के अनुसार संस्थाओं / व्यक्तिगत ठेकेदारों से ठेके पर सड़कों का निर्माण कराया जा सकेगा जिससे सड़कों का तीव्र विकास होगा, और राज्य के आधार भूत ढाँचे को विकसित करने में मदद मिलेगी।

राज्य में अनेक स्थानों पर छोटी रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के वर्तमान में चल रहे कार्यों, तथा प्रस्तावित भावी कार्यक्रमों में तत्परता से अग्रसर है। यह आशा कि जाती है कि वर्ष 1995-96 के अन्त में कुल 2000 कि०मी० विद्यमान छोटी रेलवे लाइन (मीटर गेज) को बड़ी लाइन (ब्रोड गेज) में परिवर्तित कर दिया जाएगा, जिससे राज्य के उद्योग एवं खनिज विकास के लिए बहुत बड़ी सुविधा सुलभ हो सकेगी। राजस्थान राज्य की राजधानी जयपुर बड़ी रेलवे लाइन से बंबई, दिल्ली और कलकत्ता से जुड़ चुका है। इसके अतिरिक्त जोधपुर एवं बीकानेर नगर भी बड़ी रेलवे लाइन से जुड़ गए है।

विभिन्न वस्तुओं के मूल्यों में परिवर्तन का राज्य की अर्थव्यवस्था एवं जनजीवन दोनों पर प्रभाव पड़ता है। निश्चित अंतराल में थोक एवं फुटकर मूल्य स्तर में परिवर्तन थोक मूल्य सूचकांक एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से परिलक्षित होता है। राज्य में वर्ष 1993 की तुलना में वर्ष 1994 में थोक एवं फुटकर मूल्य दोनों में ही वृद्धि का रुख देखा गया। राष्ट्रीय स्तर पर भी वर्ष 1994 में मूल्य स्तर में बढोत्तरी का रुख रहा।

राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुसरण में, राज्य के विकास की आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए राज्य की आठवीं पंचवर्षीय योजना के मुख्य उद्देश्य - राज्य का तीव्र विकास, अधिकतम रोज़गार अवसरों का सृजन, क्षेत्रीय असमानताओं एवं ग़रीबी उन्मूलन, मूल न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता एवं बड़े पैमाने पर जन भागीदारी सुनिश्चित करना आदि है।

राज्य की आठवीं पंचवर्षीय योजना का आकार 11500 करोड़ रुपये का है, जो की सातवीं पंचवर्षीय योजना से 283 प्रतिशत अधिक है। यह उदव्यय गुजरात राज्य के लगभग बराबर तथा पंजाब उड़ीसा, मध्यप्रदेश एवं तमिलनाडु से अधिक है।

आठवीं पंचवर्षीय योजना में प्रति व्यक्ति योजना उदव्यय सातवीं योजना के 875 रुपये से बढ़कर 2613.64 रुपये हो जाने की आशा है। इसके अतिरिक्त राजस्थान की आठवीं पंचवर्षीय योजना में प्रति व्यक्ति विनियोजन आन्ध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं तमिलनाडु आदि राज्यों से अधिक है।

राज्य की 1993-94 की वार्षिक योजना 1700 करोड़ रुपये की थी एवं वर्ष 1994-95 की योजना हेतु 2450 करोड़ रुपये रखे गए है। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में 1994-95 की योजना का उद्व्यय 44.12 प्रतिशत अधिक है।

यहाँ यह उल्लेखनीय है की योजना आयोग, भारत सरकार ने राज्य के संसाधनों से राजस्व जुटाने में किए गए प्रयासों एवं कुशल वित्तीय प्रबंधन के लिए राज्य सरकार की सराहना की है।

बैंकों द्वारा ऋण वितरण, निवेश एवं विकास हेतु महत्वपूर्ण संसाधन है। एन.आर.वाई., पी.एम.आर.वाई, आई.आर.डी.पी., एवं अनुसूचित जाति विकास निगम आदि के विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बैंकों का सक्रिय योगदान है। बैंक शाखाओं के विस्तार विशेषतः क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विस्तार से ग़रीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कमज़ोर वर्गों को ऊपर उठाने के राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं विभिन्न ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने में विशेष मदद मिली है।

बैंक जनसंख्या अनुपात (1991 की जनगणना के अनुसार) से स्पष्ट होता है कि राजस्थान में सितम्बर 1994 को प्रति 13970 की आबादी पर एक बैंक तथा क्षेत्रफल के आधार पर 109 वर्ग कि०मी० में एक बैंक शाखा कार्यरत थी।

निश्चित समयावधि मे राज्य आय एवं प्रति व्यक्ति आय अर्थ व्यवस्था की सम्पूर्ण स्थिति को दर्शाती है। राज्य घरेलू उत्पाद में वृद्धि अधिकांशतः कृषि उत्पादन पर निर्भर करती है, क्योंकि कृषि उत्पादन राज्य घरेलू उत्पादन का सबसे बड़ा अंशदायी है, तथा इसका दूसरे क्षेत्रों पर भी प्रभाव पड़ता है। अतः राज्य आय में मानसून के उतार चढ़ाव की स्थिति के कारण काफ़ी परिवर्तन आते है। अग्रिम अनुमानो के आधार पर (स्थिर 1980-81) के कीमतों पर वर्ष 1994-95 का शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद 9576 करोड़ रुपये आँका गया है, जबकि वर्ष 93-94 में यह 8187 करोड़ रुपये था। इस प्रकार पूर्व वर्ष की तुलना में वर्ष 1994-95 में शुद्ध घरेलू उत्पाद में 16.97 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है।

वर्ष 1993-94 में 1760 रुपये की तुलना में वर्ष 1994-95 में स्थिर (1980-81) मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय 2016 रुपये अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

राज्य में शैक्षिक विकास हेतु अनवरत प्रयास किए जा रहे है। महिला शिक्षा पर अधिक ध्यान देने के साथ शैक्षिक सुविधाओं के विस्तार व प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनिकीकरण पर वर्ष 1994-95

में अधिक बल दिया गया। राज्य में महाविद्यालय स्तर तक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

वर्ष 1990-91 में प्रारम्भ किया गया सम्पूर्ण साक्षरता अभियान वर्ष 1994-95 में भी चालू रहा, जिसके तहत अजमेर तथा डूंगरपुर ज़िले पूर्व में ही सम्पूर्ण साक्षर घोषित किए जा चुके है।

सन् 2000 ई. तक सबके लिए स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य रक्षा स्कीम के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य में विशेष प्रयास किए जा रहे है, फलस्वरूप राज्य की जनता के स्वास्थ्य में सुधार आया है।

राज्य में चेचक व अन्य महामारियों एवं छूत की बीमारियों पर काफ़ी हद तक नियंत्रण कर लिया गया है। सीमित परिवार के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में राज्य में सघन परिवार कल्याण कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है।

राज्य के शहरी एवं ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या के समाधान हेतु निरन्तर प्रयास किए जा रहे है। 1991 की जनगणना के अनुसार दिसम्बर, 1994 तक राज्य के कुल 37889 आबाद गाँवो में से 36629 गाँवों में स्वच्छ पेय जल सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार राज्य की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या गाँवों में रहती है। ग़रीबी, अपर्याप्त रोज़गार के अवसर एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी आदि ग्रामीण क्षेत्रों की बड़ी समस्याएँ है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों एवं पंचायत समितियों के माध्यम से संचालित आई०आर०डी०पी०, जे०आर०वाई०, डी०डी०पी०, डी०पी०ऐ०पी० जैसे अनेक कार्यक्रमों से मूलभूत सुविधाओं का सृजन कर ग्रामीण क्षेत्रों में ग़रीबी मिटाने तथा अतिरिक्त रोज़गार के अवसर जुटाने हेतु प्रयास किए जा रहे है। सर्वांगीण ग्रामीण विकास हेतु वर्ष 1994-95 में टी०ए०डी०, अपना गाँव अपना काम, तीस ज़िले तीस काम एवं ढाकरा आदि विभिन्न कार्यक्रम भी राज्य में चलाए जा रहे है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राज्य के ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रों में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्यों पर आवश्यक वस्तुऐं उपलब्ध करवाई जा रही है। जनवरी, 1995 के अंत में कुल 16798 उचित मूल्य की दुकानें राज्य में कार्यरत थी।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत राज्य में उपभोक्ता हितों के संरक्षण हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण अदालतें कार्यरत है।

*****

2. राज्य घरेलू उत्पाद एवं वित्त

2.1 राज्य घरेलू उत्पाद

राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान राज्य के आर्थिक विकास को मापने का एक महत्वपूर्ण आर्थिक सूचक है।

प्रति व्यक्ति आय, राज्य की अर्थ व्यवस्था को वास्तविक एवं तुलनात्मक रूप से मापने हेतु काम में ली जाती है। इसको क्षेत्रीय विषमताओं को मापने का भी एक महत्वपूर्ण आधार माना गया है। इसका उपयोग योजना कारों जैसे योजना आयोग एवं वित्त आयोग द्वारा योजनाओं के श्रोतों एवं करों को विभिन्न राज्यों में बाँटनें के लिए भी किया जाता है।

प्रचलित एवं स्थिर क़ीमतों (1980-81) पर राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान वर्तमान विश्लेषण में सम्मिलित है। वर्ष 1994-95 के आय अनुमान अग्रिम एवं सम्भावित हैं, जो कि अर्थ व्यवस्था के अनुभागों में संभावित उत्पादन एवं प्रवृत्ति पर आधारित हैं। अतः इनका उपयोग पूर्ण सावधानी से किया जाना चाहिए।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद

एक निश्चित समय में राज्य की समस्त वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य (ह्रास का प्रावधान करने से पूर्व) को सकल राज्य घरेलू उत्पाद कहा जाता हैं।

अर्थ व्यवस्था के वृहद क्षेत्रों के अनुसार, स्थिर मूल्यों (1980-81) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 1990-91 व आगामी वर्षों के नीचे दी गई तालिका में दर्शाए गए हैं।

स्थिर क़ीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद

(करोड़ रूपये)

वर्ष	प्राथमिक		गौण			योग तृतीयक	सकल राज्य घरेलू उत्पाद कालम 3+6+7
	कृषि (पशुपालन सहित)	योग प्राथमिक +	विनिर्माण	उपयोगिता*	योग गौण @		
1	2	3	4	5	6	7	8
1990-91(प्रा.)	4104	4437	1130	224	1928	3102	9467
	(43.35)	(46.87)	(11.94)	(2.37)	(20.36)	(32.77)	(100.00)
1991-92(प्रा.)	3468	3848	1139	248	1964	3127	8939
	(38.80)	(43.05)	(12.74)	(2.77)	(21.97)	(34.98)	(100.00)
1992-93(प्रा.)	4114	4514	1148	289	2050	3342	9906
	(41.53)	(45.57)	(11.59)	(2.92)	(20.69)	(33.74)	(100.00)
1993-94(त्व.)	3342	3785	1217	307	2167	3392	9344
	(35.77)	(40.51)	(13.02)	(3.29)	(23.19)	(36.30)	(100.00)
1994-95(अग्रिम)	4384	4834	1291	313	2307	3652	10793
	(40.62)	(44.79)	(11.96)	(2.90)	(21.37)	(33.84)	(100.00)

* उपयोगिता विद्युत, गैस एवं जल आपूर्ति को प्रदर्शित करती है।

प्रा० - प्रावधानिक त्व० - त्वरित

\+ वानिकी, मत्स्य एवं खनन सम्मिलित है। @ निर्माण सम्मिलित है।

शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद

सकल घरेलू उत्पाद में से ह्रास को घटाने के पश्चात् शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद प्राप्त किया जाता है।

वर्ष 1993-94 में प्रचलित क़ीमतों पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद 24285 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया, जो कि वर्ष 1992-93 में 23168 करोड़ रुपये था। इस प्रकार यह 4.82 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है।

स्थिर (1980-81) क़ीमतों पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान जो वर्ष 1992-93 में 8807 करोड़ रुपये थे, घटकर वर्ष 1993-94 में 8187 करोड़ रुपये हो गए, जो 7.04 प्रतिशत की कमी दर्शाते हैं। अग्रिम अनुमानों के आधार पर वर्ष 1994-95 के अनुमान 9576 करोड़ रुपये अनुमानित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। (सूखाग्रस्त वर्ष 1993-94 की तुलना में, वर्ष 1994-95 में, कृषि उत्पादन वृद्धि के कारण अनुमानों में उछाल रहा है)

प्रति व्यक्ति आय

प्रति व्यक्ति आय शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में जनसंख्या का भाग देने के उपरान्त प्राप्त की जाती है।

प्रचलित क़ीमतों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 1992-93 में 5086 रुपये थी वह वर्ष 1993-94 में 5220 रुपये हो गई। इस प्रकार 2.63 प्रतिशत वृद्धि हुई।

वास्तविक रूप में प्रति व्यक्ति आय (स्थिर मूल्य 1980-81 के आधार पर) वर्ष 1992-93 में 1934 रुपये थी, वह घटकर वर्ष 1993-94 में 1760 रुपये हो गई, जो 9 प्रतिशत कमी को प्रदर्शित करती है। वर्ष 1994-95 की प्रति व्यक्ति आय 2016 रुपये अनुमानित की गई है, जो पिछले वर्ष की प्रतिव्यक्ति आय 1760 रुपये से 14.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

क्षेत्रीय संरचना

अर्थ व्यवस्था के वृहद क्षेत्रानुसार स्थिर (1980-81) मूल्यों पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 1990-91 से 1994-95 तक निम्न प्रकार हैं :-

स्थिर मूल्यों पर शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद

(करोड़ रूपये)

वर्ष	प्राथमिक		गौण			योग तृतीयक	शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद कालम संख्या 3+6+7
	कृषि (पशुपालन सहित)	योग प्राथमिक +	विनिर्माण	उपयोगिता*	योग गौण @		
1	2	3	4	5	6	7	8
1990-91(प्रा.)	3854	4122	951	75	1564	2787	8473
	(45.49)	(48.65)	(11.22)	(0.89)	(18.46)	(32.89)	(100.00)
1991-92(प्रा.)	3209	3519	948	102	1591	2791	7901
	(40.62)	(44.54)	(12.00)	(1.29)	(20.14)	(35.32)	(100.00)

1	2	3	4	5	6	7	8
1992-93(प्रा.)	3848	4176	946	133	1654	2977	8807
	(43.69)	(47.42)	(10.74)	(1.51)	(18.78)	(33.80)	(100.00)
1993-94(त्व.)	3069	3437	1002	147	1753	2997	8187
	(37.49)	(41.98)	(12.24)	(1.80)	(21.41)	(36.61)	(100.00)
1994-95(अग्रिम)	4105	4477	1063	150	1876	3223	9576
	(42.87)	(46.75)	(11.10)	(1.57)	(19.59)	(33.66)	(100.00)

* उपयोगिता विद्युत, गैस एवं जल आपूर्ति, को दर्शाती है।
प्रा० - प्रावधानिक त्व० - त्वरित
\+ वानिकी मत्स्य एवं खनन सम्मिलित है @ निर्माण सम्मिलित है।

उपरोक्त तालिका के अध्ययन से अर्थ व्यवस्था की संरचना में निम्न बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं, तथा इससे राज्य के शुद्ध घरेलू उत्पाद के क्षेत्रीय घटकों में पिछले वर्षों से हुए बदलाव भी प्रदर्शित होते हैं।

1- प्राथमिक क्षेत्र जिसमें कृषि, पशुपालन, वन, मत्स्य और खनन सम्मिलित है, अभी भी वे राज्य की आर्थिक स्थिति पर प्रमुखता बनाए हुए हैं, फिर भी तुलनात्मक अनुपात प्राथमिक क्षेत्र का द्वितीय एवं तृतीय क्षेत्र का वर्ष 1990-91 से कम ज़्यादा होता रहा है।

2- द्वितीय क्षेत्र में विनिर्माण, उपयोगिता (विद्युत, गैस एवं जलापूर्ति) निर्माण आदि सम्मिलित हैं,का योगदान निवल राज्य घरेलू उत्पाद में वर्ष 1990-91 में 18.46 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 1994-95 में 19.59 प्रतिशत हो गया।

3- तृतीय क्षेत्र में यातायात, संचार, व्यापार, होटल एवं जलपान गृह, बैंक व्यापार एवं बीमा, स्थावर सम्पदा, सार्वजनिक प्रशासन एवं अन्य सेवाएँ सम्मिलित हैं, का योगदान 1990-91 में 32.89 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर वर्ष 1994-95 में 33.66 प्रतिशत हो गया।

2.2 अष्टम पंचवर्षीय योजना एवं वार्षिक योजना 1994-95

वर्ष 1992-93 व 1993-94 की वार्षिक योजनाओं पर क्रमशः 1405.72 करोड़ रुपये व 1743.32 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई। वर्ष 1994-95 की वार्षिक योजना का सम्भावित व्यय 2450 करोड़ रुपये है।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत वृहद क्षेत्रानुसार, वर्ष 1992-93 एवं 1993-94 का वास्तविक व्यय व 1994-95 का सम्भावित व्यय निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

योजना उद्व्यय एवं व्यय

(करोड़ रूपये)

क्र०सं०	क्षेत्र	आठवीं योजना का उद्व्यय (1992-97)	व्यय 1992-93	व्यय 1993-94	संभावित व्यय 1994-95
1		2	3	4	5
1-	कृषि एवं सम्बद्ध सेवाएँ :	1286.92 (11.19)	128.15 (9.12)	161.00 (9.24)	245.79 (10.03)
2 -	ग्रामीण विकास	1021.75 (8.88)	100.71 (7.16)	116.67 (6.69)	193.86 (7.91)
3 -	विशिष्ट क्षेत्रीय योजना	84.00 (0.73)	1.10 (0.08)	1.52 (0.09)	3.61 (0.15)
4 -	सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	1919.99 (16.70)	260.32 (18.52)	288.34 (16.54)	387.94 (15.83)
5 -	ऊर्जा	3255.49 (28.31)	395.60 (28.14)	499.60 (28.66)	649.36 (26.51)
6 -	उद्योग एवं खनिज	536.02 (4.66)	81.96 (5.83)	88.12 (5.05)	119.44 (4.88)
7 -	यातायात	783.97 (6.82)	80.24 (5.71)	142.60 (8.18)	181.89 (7.42)
8 -	वैज्ञानिक सेवाएँ एवं अनुसंधान	19.96 (0.17)	2.93 (0.21)	3.31 (0.19)	4.37 (0.18)
9 -	सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाएँ	2461.62 (21.41)	333.09 (23.69)	412.69 (23.67)	613.91 (25.06)
10-	आर्थिक सेवाएँ	71.72 (0.62)	8.88 (0.63)	11.54 (0.66)	18.47 (0.75)
11-	सामान्य सेवाएँ	58.56 (0.51)	12.74 (0.91)	17.93 (1.03)	31.36 (1.28)
	योग	11500.00 (100.00)	1405.72 (100.00)	1743.32 (100.00)	2450.00 (100.00)

नोट : कोष्टक के समंक प्रतिशत दर्शाते हैं।

2.3 बैंकिंग

देश में तीव्र आर्थिक विकास से अधिकांश जन साधारण के जीवन स्तर में सुधार आया है लेकिन, फिर भी ग़रीबी एक बड़ी समस्या बनी हुई है, जिसकी ओर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों ने विकास की गति को प्रभावित किया है। राज्य के सीमित संसाधनों से जनता की बढ़ती हुई आकांक्षाओं को पूरा करना कठिन है, अतः समग्र विकास हेतु संस्थागत वित्त एवं ऋण आदि दूसरे उपाय भी नितांत आवश्यक है।

राज्य सरकार योजनान्तर्गत, ढाँचा गत विकास एवं मानव संसाधन के विकास हेतु प्रयत्नशील है। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर औसत प्रति व्यक्ति आय का अन्तर बढ़ रहा है। अतः राज्य में विकास को गति प्रदान करने के लिए अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों, एवं व्यक्तियों की आय बढ़ाने हेतु संसाधन जुटाने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

बैंकों द्वारा ऋण वितरण, राज्य के विकास एवं विनियोजन के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक स्रोत है। अनुसूचित जाति एवं जन जाति के विकास के लिए एन. आर. वाई.,पी. एम. आर. वाई.,आई. आर. डी. पी. जैसे ऋण आधारित कार्यक्रम, एवं अन्य गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम बैंकों की सहायता से राज्य में चलाए जा रहे हैं। विभिन्न ग्रामीण विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बैंक शाखाओं के विस्तार, विशेषकर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विस्तार से ,गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले वर्गों के उत्थान के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। बैंक शाखाओं की जमा राशि एवं ऋण वितरण की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में दर्शाई गई है।

(वर्ष के सितम्बर माह तक)

क्र० सं०	मद	राजस्थान		भारत	
		1993	1994	1993	1994
1 -	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक				
	(अ) कार्यालयों की संख्या	966	1068	14465	14550
	(ब) जमा (करोड़ रु.)	393	564	7279	9131
	(स) ऋण (करोड़ रु.)	181	233	4712	5509
2 -	अन्य अनुसूचित व्यापारिक बैंक				
	(अ) कार्यालयों की संख्या	2044	2082	47005	47506
	(ब) जमा (करोड़ रु.)	7454	9154	278606	336733
	(स) ऋण(करोड़ रु.)	3731	3977	162397	184531
3 -	योग				
	(अ) कार्यालयों की संख्या	3010	3150	61470	62056
	(ब) जमा(करोड़ रु.)	7847	9718	285885	345864
	(स) ऋण (करोड़ रु.	3912	4210	167109	190040

उपरोक्त तालिका यह प्रदर्शित करती है कि सितम्बर 1994 में सितम्बर 1993 की तुलना में बैंक जमा राशि व ऋण दोनों में वृद्धि हुई। राजस्थान में जमा राशि में वर्ष 1993 की तुलना में वर्ष 1994 में 23.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर यह वृद्धि 20.98 प्रतिशत थी। राजस्थान में ऋण व जमा राशि का अनुपात सितम्बर 1994 में 43.32 प्रतिशत रहा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह अनुपात 54.95 प्रतिशत था। सितम्बर 1993 में यह अनुपात राजस्थान व राष्ट्रीय स्तर पर क्रमशः 49.86 व 58.45 प्रतिशत था। राजस्थान में वर्ष 1993 की तुलना में वर्ष 1994 में कुल ऋण 7.62 प्रतिशत बढ़ा, जबकि भारतीय स्तर पर यह वृद्धि 13.72 प्रतिशत रही।

वर्ष 1991 की जनगणना के आधार पर राजस्थान में सितम्बर 1994 में एक बैंक कार्यालय 13970 व्यक्तियों को सेवाएँ प्रदान कर रहा था, तथा 109 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक बैंक कार्यालय स्थापित था।

*****

3. मूल्य स्थिति एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली

लाभों के उचित वितरण एवं विकास की गति को सुनिश्चित करने के लिए मूल्यों में स्थिरता आवश्यक है। मुद्रास्फीति ग़रीबों को अधिक प्रभावित करती है, क्योंकि उनकी आय मूल्यों के अनुरूप नहीं बढ़ पाती है। थोक भाव सूचकांक एवं उपभोक्ता मूल्य के द्वारा पूर्व वर्ष की तुलना में वर्ष 1994 में राज्य अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति का दबाव स्पष्ट रूप से दृष्टिगत होता है।

3.1 थोक मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 1952-53=100)

वर्ष 1994 में राजस्थान राज्य का सामान्य थोक मूल्य सूचकांक 1827.6 रहा, जो वर्ष 1993 के 1668.70 से 9.52 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । थोक मूल्य सूचकांक के "खाद्य वर्ग " में सर्वाधिक वृद्धि 12.22 प्रतिशत, औद्योगिक कच्चे माल वर्ग में 6.78 प्रतिशत, "ईधन शक्ति प्रकाश एवं उपस्नेहक वर्ग" में 2.74 प्रतिशत तथा विनिर्मित पदार्थ वर्ग में 2.52 प्रतिशत रही।

माह मार्च एवं दिसम्बर 1994 को छोड़कर, वर्ष 1994 के अन्य माहों में थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि का रुख रहा। इन दो महीनों में पिछले महीनों से क्रमशः 3.52 प्रतिशत एवं 0.93 प्रतिशत की कमी हुई। शेष सभी महीनों में सामान्य थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि की प्रवृत्ति रही।

वर्ष 1994 में प्रमुख वर्गों के थोक भाव सूचकांक में पिछले दो वर्षों से प्रतिशत विचलन निम्नलिखित तालिका से दर्शाया गया है।

थोक मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 1952-53=100)

क्र.सं. वृहद वर्ग	वार्षिक औसत			पिछले वर्ष से प्रतिशत विचलन	
	1992	1993	1994	1993	1994
1 2	3	4	5	6	7
1-खाद्य वर्ग	1558.4	1578.8	1771.8	1.31	12.22
2-औधोगिक कच्चे माल वर्ग	1570.9	1555.3	1660.8	(-)0.99	6.78
3-ईधन, शक्ति,प्रकाश एवं उपस्नेहक वर्ग	3005.3	3076.7	3160.91	2.38	2.74
4-विनिर्मित पदार्थ वर्ग	1668.9	1843.4	1889.93	10.46	2.52
5-सामान्य सूचकांक	1622.7	1668.7	1827.61	2.83	9.52

3.2 उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 1982=100)

औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक श्रम ब्यूरो शिमला द्वारा तैयार किए जाते हैं जिसमें राज्य के जयपुर एवं अजमेर केन्द्र सम्मिलित हैं। वर्ष 1994 में खुदरा मूल्यों में निरन्तर वृद्धि की प्रवृत्ति रही।

वर्ष 1994 के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में जयपुर केन्द्र पर 9.80 प्रतिशत और अजमेर केन्द्र पर 10.67 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वर्ष 1993 में यह वृद्धि दर जयपुर केन्द्र के लिए 7.46 प्रतिशत व अजमेर केन्द्र के लिए 4.12 प्रतिशत थी।

जयपुर एवं अजमेर केन्द्र के समस्त वर्गानुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित किए गए हैं :-

वर्गानुसार औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

जयपुर केन्द्र **(आधार वर्ष 1982=100)**

वर्ग	जयपुर केन्द्र			प्रतिशत विचलन	
	1992	1993	1994	1994 का 1993 से	1993 का 1992 से
1	2	3	4	5	6
1- खाद्य	248	266	295	10.90	7.26
2- पान,सुपारी,तंबाकू एवं मादक पदार्थ	292	318	356	11.95	8.90
3- ईंधन,शक्ति एवं प्रकाश	195	210	219	4.29	7.69
4- आवास	146	148	154	4.05	1.37
5- वस्त्र,बिस्तर तथा जूते	174	184	210	14.13	5.75
6- विविध	253	2 74	97	8.39	8.30
7- सामान्य	228	245	269	9.80	7.46

अजमेर केन्द्र **(आधार वर्ष 1982=100)**

	अजमेर केन्द्र			प्रतिशत विचलन	
	1992	1993	1994	1994 का 1993 से	1993 का 1992 से
1	2	3	4	5	6
1-खाद्य	243	249	287	15.26	2.47
2-पान,सुपारी,तम्बाकू एवं मादक पदार्थ	297	320	337	5.31	7.74
3- ईंधन,शक्ति एवं प्रकाश	229	233	239	2.58	1.75
4- आवास	300	308	314	1.95	2.67
5- वस्त्र,बिस्तर तथा जूते	207	224	248	10.71	8.21
6- विविध	219	238	255	7.14	8.68
7- सामान्य	243	253	280	10.67	4.12

उक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि वर्ष 1994 में दोनों केन्द्रों के सामान्य औसत सूचकांकों की वृद्धि में सभी समूहों का सामूहिक योगदान रहा है।

जयपुर, अजमेर एवं अखिल भारतीय स्तर के वर्ष 1982 के आधार पर पिछले पाँच वर्षों के औसत सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक निम्नलिखित तालिका में दिये गए हैं।

औद्योगिक श्रमिकों के लिए सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

(आधार वर्ष 1982=100)

वर्ष	जयपुर केन्द्र		अजमेर केन्द्र		अखिल भारतीय	
		% विचलन गत वर्ष की तुलना में		%विचलन गत वर्ष की तुलना में		% विचलन गत वर्ष की तुलना में
1990	184	8.87	190	11.11	186	8.77
1991	210	14.13	217	14.21	212	13.98
1992	228	8.57	243	11.98	237	11.79
1993	245	7.46	253	4.11	252	6.33
1994	269	9.80	280	10.67	278	10.32

उपरोक्त तालिका दर्शाती है कि वर्ष 1991 में जयपुर, अजमेर एवं अखिल भारतीय स्तर के सूचकांकों में पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 14.13 प्रतिशत, 14.21 प्रतिशत एवं 13.98 प्रतिशत की वृद्धि रही जो कि पिछले पाँच वर्षों में सर्वाधिक है। वर्ष 1994 में सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में पिछले वर्ष की तुलना में अजमेर केन्द्र में 10.67 प्रतिशत अखिल भारतीय स्तर पर 10.32 प्रतिशत एवं जयपुर केन्द्र में 9.80 प्रतिशत रही।

3.3 सार्वजनिक वितरण प्रणाली

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राज्य सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से नियमित एवं पर्याप्त मात्रा में आवश्यक उपभोक्ता वस्तुएँ उपलब्ध करवा रही है।

राज्य में कुल कार्यरत (जनवरी, 1995) 16798 उचित मूल्य की दुकानों में से 12631 दुकानें ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत थी। इन दुकानों के माध्यम से मार्च, 1994 से जनवरी, 1995 के दौरान 3.80 लाख टन गेहूँ, 0.08 लाख टन चावल, 1.68 लाख टन चीनी और 3.17 लाख किलो लीटर मिट्टी का तेल वितरित किया गया।

जनवरी, 1992 से राज्य के जनजाति, रेगिस्तानी एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में आर०पी०डी०एस० पद्धति की वितरण व्यवस्था लागू है। 22 जिलों के 122 चयनित खण्डो में आर०पी०डी०एस० के अतिरिक्त अनुदानित मूल्यों पर गेहूँ और चावल वितरित किए जा रहे है।

*****

4 उद्योग एवं खनिज

4.1 उद्योग

राज्य की औद्योगिक नीति 1994 का मुख्य उद्देश्य कार्यविधि में सरलीकरण, शीघ्रता से प्रकरणों का निस्तारण, आर्थिक प्रोत्साहन एवं विभिन्न अन्य उपायों द्वारा राज्य में शीघ्र औद्योगिक विकास करना है। इसके अतिरिक्त नवीन औद्योगिक नीति में राज्य के लघु एवं ग्रामीण उद्योग रोजगारोन्मुख उद्योग एवं महिला उद्यमियों हेतु पर्याप्त सहयोग दिये जाने की व्यवस्था की गई है। निर्यात वर्धन की राष्ट्रीय प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए निर्यात वृद्धि पर विशेष महत्व दिया गया है। राज्य के औद्योगिक विकास हेतु उद्योग विभाग एवं अन्य निगम व बोर्ड जैसे रीको, राजसीको,राज्य वित्त निगम तथा राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड आदि द्वारा समन्वित प्रयास किए जा रहे है।

राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको) द्वारा दिसम्बर, 1994 तक स्थापित 206 औद्योगिक क्षेत्रों में आवश्यक आधारभूत सुविधाऐं उपलब्ध कराई जा रही है। रीको द्वारा वृहद एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है । वर्ष 1994-95 में (दिसम्बर, 1994 तक) 31.49 करोड़ रुपये के सावधि ऋण स्वीकृत किए जाकर 19.60 करोड़ रुपये वितरित किए गए।

केन्द्रीय प्रवर्तित योजनान्तर्गत स्वीकृत चार विकास केन्द्रों बीकानेर, धौलपुर, झालावाड़ एवं आबूरोड में वर्ष 1994-95 के दौरान कार्य प्रगति पर रहा। इसके अतिरिक्त राज्य में दो लघु विकास केन्द्र जोधपुर एवं उदयपुर की योजना भारत सरकार को स्वीकृति हेतु भेजी गई, जिसमें से जोधपुर केन्द्र को स्वीकृत किया जा चुका है एवं 45.17 करोड़ रुपये इसके क्रियान्वयन पर व्यय किए जा चुके हैं।

राज्य में लघु एवं मध्यम पैमाने के उद्योगों को राज्य वित्त निगम भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रहा है। वर्ष 1994-95 (दिसम्बर, 1994 तक) के दौरान 989 औद्योगिक इकाइयों को 94 करोड़ रुपये स्वीकृत एवं 72.53 करोड़ रुपये वितरित किए गए। आलोच्य अवधि में राज्य वित्त निगम द्वारा 87.63 करोड़ रुपये ऋण की वसूली की गई।

राज्य उद्योग विभाग, लघु उद्योग तथा हस्तशिल्प इकाइयों जिनमें कि वृहत पैमाने के उद्योगों की तुलना में कम पूँजी विनियोजन से अधिक रोज़गार की क्षमता निहित होती है के त्वरित विकास के लिए ध्यान दे रहा हैं। इन इकाइयों के विकास के लिए प्रोत्साहन एवं रियायतों के विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश, सहायता तथा सुविधाएँ प्रदान की जा रही है। वर्ष 1994-95 के दौरान लघु उद्योग तथा हस्तशिल्प की 4000 इकाइयों के पंजीयन के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर 1994 तक 2809 इकाइयों को पंजीकृत किया गया। इन इकाइयों में 106.55 करोड़ रुपये का विनियोजन किया गया तथा 14823 व्यक्तियों को रोज़गार प्राप्त हुआ। अब तक राज्य में 170209 लघु उद्योग तथा हस्तशिल्प इकाइयों का पंजीयन किया जा चुका है जिनमें 1423.33 करोड़ रुपये का विनियोजन तथा 6.51 लाख व्यक्तियों को रोज़गार प्राप्त हुआ है।

प्रधानमन्त्री रोज़गार योजना सर्वप्रथम वर्ष 1993 में शहरी क्षेत्र में आरम्भ की गई थी, परन्तु चालू वर्ष में यह योजना राज्य के शहरी एवं ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही हैं। इस योजना के अन्तर्गत बेरोज़गार युवकों को स्वयं की औद्योगिक इकाई, व्यवसाय एवं सेवा उद्योग स्थापित करने हेतु एक लाख रुपये तक का ऋण/ आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं। इस ऋण हेतु किसी प्रतिभूति गारन्टी की आवश्यकता नहीं है। इस योजना के अन्तर्गत इकाई की लागत के 15 प्रतिशत तक (अधिकतम 7500 रुपये) की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में

चयनित आवेदकों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण के दौरान 300 रुपये प्रति माह प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में दिये जाते हैं। उद्योग विभाग द्वारा 200 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार कर जिला औद्योगिक केन्द्रों को बेरोज़गार युवकों के उपयोग हेतु उपलब्ध कराई गई है। वर्ष 1994-95 के दौरान 8300 के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर, 1994 तक 4783 बेरोज़गार युवक लाभान्वित हुए।

राज्य स्तर पर उद्यमियों को एक ही स्थान पर आवश्यक दिशा-निर्देश, सहायता तथा सुविधाएँ प्रदान करने हेतु उद्योग विभाग में एक औद्योगिक सूचना ब्यूरो कार्यरत है। सभी ज़िलों में उद्यमियों को आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने हेतु जिला उद्योग केन्द्र कार्यरत है।

राजस्थान लघु उद्योग निगम, लघु उद्योगों तथा शिल्पकारों को उनके उत्पादों के विपणन के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान करता है। राजस्थान के हस्तशिल्प को लोकप्रिय करने एवं विपणन हेतु अनेक एम्पोरियम कार्यरत है।

4.2 **खादी एवं ग्रामोद्योग**

खादी एवं ग्रामोद्योग अपेक्षाकृत कम पूँजी विनियोजन से रोज़गार के अवसरों के सृजन में विशेष रूप से सहायक है। राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की देख रेख में इन इकाइयों के संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 1993-94 के दौरान ऊनी एवं सूती खादी का उत्पादन मूल्य 31.51 करोड़ रुपये था, जिसके वर्ष 1994-95 में बढ़ कर 34.50 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। वर्ष 1993-94 में ग्रामीण उद्योगों का उत्पादन मूल्य 197.61 करोड़ रुपये था, जिसके वर्ष 1994-95 में बढ़कर 207.10 करोड़ रुपये हो जाने की आशा है। इसके अतिरिक्त वर्ष 1994-95 के दौरान 4.27 लाख व्यक्तियों को रोज़गार के अवसर प्राप्त हुए, जबकि 1993-94 में 4.17 लाख व्यक्तियों को रोज़गार उपलब्ध कराया गया था।

4.3 **कारखाना एवं बायलर्स**

मुख्य निरीक्षक कारखाना एवं बायलर्स, राजस्थान, राज्य में पंजीकृत निर्माणियों के लिए प्राधिकृत अधिकारी है। इस विभाग का मुख्य कार्य भारतीय कारखाना अधिनियम 1948, भारतीय बायलर्स अधिनियम 1923 एवं वेतन भुगतान अधिनियम 1936 को लागू करवाना है। औद्योगिक कामगारों के स्वास्थ्य,सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करना विभाग का मुख्य कार्य है। वर्ष 1994-95 के दौरान (दिसम्बर 1994 तक) 674 नई निर्माणियों का पँजीकरण किया गया तथा 15037 श्रमिकों को रोज़गार प्राप्त हुआ।

चयनित महत्वपूर्ण उत्पादन की वर्ष 1993 एवं 1994 की तुलनात्मक स्थिति (प्रावधानिक) निम्नांकित सारणी में दर्शाई गई है।

कुल चयनित मदों का औद्योगिक उत्पादन

क्र०सं०	मद	इकाई	उत्पादन		वर्ष 1993 की तुलना से 1994 में प्रतिशत परिवर्तन
			1993	1994 (प्रावधानिक)	
1	2	3	4	5	6
1-	शक्कर	टन	26261.70	15245.33	(-)41.95
2-	स्प्रिट(सभी प्रकार)	"000 लीटर	17646.93	16667.43	(-) 5.55
3-	वनस्पति घी	टन	33841.31	39816.94	17.66
4-	नमक	लाख मै.टन	12.96	11.42	(-)11.88
5-	यूरिया	"000 मै.टन	406.65	374.46	(-) 7.92
6-	सुपर फास्फेट	" "	71.36	69.92	(-) 2.02
7-	सीमेंट	" "	4810.25	5870.71	22.05
8-	अभ्रक की ईटें	"000 संख्या	81797.68	2107.04	17.21
9-	जस्ते की छड़े	"000 मै.टन	83.14	100.71	21.13
10-	कैडमियम अंतिम उत्पादन	टन	164.19	133.70	(-)18.57
11-	रेलवे वैगन	संख्या	1872	600	(-)67.95
12-	बाल बियरिंग	लाख संख्या	183.52	203.90	11.11
13-	पानी के मीटर	संख्या	47422	40935	(-)13.68
14-	रेडिएटर्स	" "	3365	2272	(-)32.48
15-	लेपित एवं पुनः लेपित पत्थर	"000 स्क्वायर मीटर	200.97	220.28	9.61
16-	बिजली के मीटर	संख्या	876522	1138755	29.92
17-	नायलोन धागा	टन	3438.04	3956.39	15.08
18-	पोलिएस्टर धागा	""	13510.72	19832.68	46.79
19-	कॉस्टिक सोडा	""	39131	42251	7.97
20-	कैलशियम कार्बाइड	""	47405	45318	(-)4.40
21-	पी०वी०सी०रेजिन	""	34272	32195	(-)6.06
22-	पी०वी०सी०कम्पाउण्ड	""	4607	5100	10.70
23-	सल्फ्युरिक ऐसिड	""	226.35	327.72	44.79
24-	कॉपर "काथ्रोड्स"		21131	32144	52.12
25-	सूती कपड़ा	लाख मीटर	422.41	373.22	(-)11.64
26-	सूती धागा	"000 टन	54.62	58.28	6.70

उपरोक्त सारणी से प्रकट होता है कि वर्ष 1993 की तुलना में वर्ष 1994 मे चयनित मदों के उत्पादन में मिश्रित प्रवृत्ति रही। गत वर्ष की तुलना में 26 चयनित मदों में से 14 मदों के उत्पादन में वृद्धि दृष्टिगत हुई है जबकि 12 मदों के उत्पादन में कमी रही। इन मदों के उत्पादन में विचलन की सीमा इस प्रकार है:-

वर्ष 1994 में वर्ष 1993 की तुलना में विचलन प्रतिशत		मद
1.1	10 प्रतिशत तक वृद्धि	लेपित एवं पुनः लेपित पत्थर,कॉस्टिक सोडा एवं सूती धागा
1.2	10 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि	वनस्पति घी, अभ्रक की ईटें, बाल बियरिंग्स, नाईलोन धागा एवं पी.वी.सी. कम्पाउण्ड
1.3	20 से 50 प्रतिशत तक वृद्धि	सीमेंट,जस्ते की छड़े, बिजली के मीटर, पोलियस्टर धागा, सल्फ़्यूरिक ऐसिड
1.4	50 से 100 प्रतिशत तक वृद्धि	कॉपर कैथोड्स
1.5	100 प्रतिशत से अधिक वृद्धि	शून्य
2.1	10 प्रतिशत तक कमी	स्पिरिट (सभी प्रकार) यूरिया, सुपर फ़ॉस्फ़ेट, कैलशियम कार्बाइड, पी.वी.सी. रेज़िन
2.2	10 से 20 प्रतिशत तक कमी	नमक, कैडमियम अन्तिम उत्पादन,पानी के मीटर, सूती कपड़ा
2.3	20 से 50 प्रतिशत तक कमी	चीनी, रेडिएटर्स
2.4	50 से 100 प्रतिशत तक कमी	रेलवे वैगन

4.4 **खनिज**

हाल ही में राज्य सरकार ने नई खनिज नीति 1994 की घोषणा की है जिसके मुख्य उद्देश्य आधुनिक तकनीक से राज्य में उपलब्ध खनिज का त्वरित गति से दोहन करना है। खनिज आधारित उद्योगों एवं प्रोन्नत प्रक्रिया द्वारा मूल विकास से निर्यात एवं मानव संसाधनों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे खनिज आधारित उद्योगों की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी एवं रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। नई खनिज नीति के अन्तर्गत ऐसे क्षेत्रों में जहाँ बड़े पैमाने पर खनन पट्टे दिये गए हैं, ढ़ाचागत विकास से सम्बन्धित कार्य राजस्थान राज्य खनिज विकास निगम को सौपें गए हैं। तदानुसार सड़क, विद्युत आदि सुविधाएँ खनिज निगम द्वारा उपलब्ध करवाई जावेगी। पट्टेधारी, राजस्थान राज्य खनिज विकास निगम की खनिज सम्पदा के आधारभूत विकास हेतु आवश्यक धनराशि का भुगतान करेंगे।

वर्ष 1994-95 में तीन खनिज सर्वेक्षण एवं प्रोस्पेक्टिव योजनाओं के अंतर्गत 72 परियोजनाओं का कार्य हाथ में लिया गया है। दिसम्बर, 1994 तक के निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धियाँ निम्न तालिका में दर्शाए गए हैं।

कार्य	इकाई	लक्ष्य (दिसम्बर' 94 तक)	उपलब्धियाँ (दिसम्बर' 94 तक)	प्रतिशत उपलब्धियाँ
1- आर.एम.एस.	वर्ग कि.मी.	3625	3625	100.00
2- आर.जी.एम.	" "	325	260.25	80.07
3- डी.जी.एम.	" "	20.50	28.09	137.02
4- ड्रिलिंग	मीटर	11050	9822.10	88.89

वर्ष 1994-95 के दौरान ग्रेनाइट डेलिनिएशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई हैं । अजमेर, जालौर, जोधपुर, पाली, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, एवं राजसमंद ज़िलों के कुल 170 से अधिक प्लाट डेलीनिएटेड किए गए ।

सानू क्षेत्र में एस०एम०एस०ग्रेड लाइम स्टोन के दोहन का कार्य जारी रहा। वर्ष 1994-95 में जैसलमेर ज़िले में खुईआला एवं तुलसी राम की ढाणी क्षेत्रों में ड्रिलिंग का कार्य हाथ में लिया गया। वर्ष के दौरान सिरोही ज़िले के गारिया एवं बून्दी ज़िले के पालगुटा कोलजी क्षेत्रों में सीमेंट ग्रेड लाइम स्टोन की खोज का कार्य प्रगति पर है।

राजस्थान राज्य खनिज विकास निगम संयुक्त क्षेत्र अथवा स्वयं के खनिज आधारित उद्योगों, परियोजनाओं एवं उपक्रमों को प्रोन्नत करने/विकास करने एवं संचालित करने में कार्यरत है। निगम खनन कार्य के अतिरिक्त खानों के विकास एवं खनिज आधारित उद्योग स्थापित करने हेतु परामर्श का कार्य भी करता है। निगम राज्य के 13 ज़िलों में विभिन्न स्थानों पर स्वयं की खानों का व्यावसायिक रूप से संचालन तथा लाइम स्टोन, रॉक फ़ॉस्फ़ेट, जिप्सम, फैल्सपार एवं ग्रेफ़ाइट के उत्पादन एवं विक्रय का कार्य कर रहा है।

4.5 श्रम

औद्योगिक सम्बन्ध

औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादकता एवं उत्पादन में वांछित वृद्धि हेतु औद्योगिक शांति परमावश्यक है। वर्ष 1994-95 में (दिसम्बर,1994 तक) राज्य में 35 हड़तालें/तालाबन्दी हुई जिससे 14528 श्रमिक प्रभावित हुए, तथा 3.48 लाख मानव दिवसों की हानि हुई, जब कि वर्ष 1993-94 में 43 हड़तालें/तालाबन्दी हुई, जिससे 14942 श्रमिक प्रभावित हुए तथा 4.10 लाख मानव दिवसों की हानि हुई।

राज्य में वर्ष 1994-95 के आरम्भ में 3710 पंजीकृत श्रमिक संगठन थे, जिनके सदस्यों की संख्या 6.48 लाख थी। दिसम्बर, 1994 तक 138 नवीन संगठनों को पंजीकृत किया गया जिनके सदस्यों की संख्या 0.16 लाख है। वर्ष के दौरान 963 श्रमिक संगठनों को वार्षिक विवरण जमा नहीं कराने के कारण अपंजीकृत किया गया। इस प्रकार दिसम्बर, 1994 तक पंजीकृत श्रमिक संगठनों की संख्या 2885 थी।

न्यूनतम मज़दूरी

श्रमिकों के हितों की रक्षा हेतु एक जनवरी, 1995 से अकुशल, अर्द्धकुशल व कुशल श्रमिकों के न्यूनतम दैनिक मज़दूरी में निम्न तालिका के अनुसार वृद्धि की गई है।

श्रमिक	न्यूनतम दैनिक मज़दूरी (रुपयों में)	
	2.7.1990 को	1.1.1995 से
1. अकुशल	22.00	32.00
2. अर्ध्दकुशल	23.50	33.00
3. कुशल	25.00	34.00

4.6 रोज़गार

नियोजित विकास का एक मुख्य उद्देश्य रोज़गार के अवसर सृजन करने का है, अतः रोज़गार के अवसर एवं विभिन्न वर्गों के बेरोजगारों की सूचना रखना आवश्यक है। वर्ष 1994 में राज्य में पंजीकृत निर्माणियों में औसतन प्रतिदिन रोज़गार 3.10 लाख रहा जबकि 1993 में औसत प्रतिदिन रोज़गार 2.95 लाख था।उद्योग विभाग में पंजीकृत लघु उद्योगों में वर्ष 1993-94 में 6.30 लाख औसत दैनिक रोज़गार -नियोजन की तुलना में वर्ष 1994-95 (दिसम्बर, '94 तक) में 6.51 लाख औसत प्रतिदिन रोज़गार रहा।खादी एवं ग्रामोद्योग के अन्तगर्त वर्ष 1994-95 में 4.27 लाख व्यक्तियों को रोज़गार उपलब्ध कराया जावेगा।इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान विभिन्न ग्रामीण विकास एवं ग़रीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के तहत रोज़गार के अवसर सुलभ करवाए जा रहे हैं।

राजस्थान में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में अनुमानित रोज़गार की स्थिति निम्न प्रकार है :

(लाख व्यक्तियों में)

वर्ष	राजस्थान		
	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	योग
1	2	3	4
1992	9.73	2.31	12.04
1993	9.77	2.32	12.09
1994 (मार्च, '94 तक)	9.85	2.39	12.24

पंचायत समिति स्तर पर रोज़गार शिविरों का भी आयोजन किया गया जिससे ग्रामीण युवाओं को मार्गदर्शन के द्वारा रोज़गार एवं स्वरोज़गार के लिए प्रोत्साहित किया गया। रोज़गार निदेशालय द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के रिक्त पदों, प्रतियोगिता परीक्षा , प्रशिक्षण , छात्रवृत्ति एवं विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों की सूचना पाक्षिक समाचार पत्र " रोज़गार संदेश " में प्रकाशित की जाती है।

*****

5. कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र

5.1 मानसून

राजस्थान कृषि प्रधान राज्य है तथा कृषि मानसून पर निर्भर करती है। सितम्बर, 1994 में कुछ समय तक शुष्क मौसम के बावजूद वर्षा की स्थिति वर्ष 1994 में कुल मिलाकर संतोषप्रद रही। परिणाम स्वरूप प्रचुर मात्रा में कृषि उत्पादन की आशा है। जून, जुलाई व अगस्त, 1994 में औसत से अधिक वर्षा हुई जिससे रबी फ़सल के अंतर्गत अधिक क्षेत्र में फ़सल बोए जाने को बढ़ावा मिला। वर्ष 1993-94 में कम व असमान वर्षा के कारण कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ था जब कि चालू वर्ष में कुल अनाज का उत्पादन 105 लाख टन के निर्धारित लक्ष्य से अधिक होने की आशा है, किन्तु फिर भी यह वर्ष 1992-93 के रिकार्ड उत्पादन 114 लाख टन को पार नहीं कर पाएगा।

5.2 कृषि उत्पादन

राज्य आयोजना में कृषि उत्पादन की अहम् भूमिका है क्योंकि राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 45 प्रतिशत के लगभग रहता है, एवं जनसंख्या का लगभग 68 प्रतिशत इस क्षेत्र में कार्यरत है।

गत तीन वर्षों के प्रमुख फ़सलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल एवं उत्पादन निम्न तालिका में दर्शाए गए हैं :

फ़सल	क्षेत्रफल (लाख हैक्टेयर में)			उत्पादन (लाख टनों में)		
	1992-93 संशोधित	1993-94 अंतिम	1994-95 संभावित	1992-93 संशोधित	1993-94 अंतिम	1994-95 संभावित
अनाज						
खरीफ़	69.01	60.92	66.36	44.97	22.70	35.28
रबी	24.95	21.92	21.08	55.24	37.06	51.89
दालें						
खरीफ़	19.49	20.54	19.56	6.23	2.75	5.42
रबी	14.92	12.62	15.49	8.35	7.94	12.78
खाद्यान्न						
खरीफ़	88.50	81.46	85.92	51.20	25.45	40.70
रबी	39.87	34.54	36.57	63.59	45.00	64.67
कुल	128.37	116.00	122.49	114.79	70.45	105.37
तिलहन						
खरीफ़	9.73	11.71	12.21	7.23	6.41	8.35
रबी	23.83	24.35	24.08	18.18	17.62	24.34
कुल	33.56	36.06	36.29	25.41	24.03	32.69
गन्ना	0.24	0.21	0.19	11.29	10.20	8.90
कपास*	4.76	5.18	4.61	10.16	8.39	10.78

* उत्पादन लाख गाँठों में।

यद्यपि राज्य में कुल खाद्यान्न उत्पादन में गत वर्षों की अपेक्षा बढोत्तरी हुई है फिर भी इसमें उतार चढ़ाव परिलक्षित है, जो कि मुख्यतः वर्षा की अनिश्चितता तथा इसके असमान वितरण के कारण है।

वर्ष 1994-95 में खाद्यान्न के अन्तर्गत 122.49 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल बोए जाने का अनुमान है, जबकि वर्ष 1993-94 में कुल बोया गया क्षेत्रफल 116 लाख हैक्टेयर था। वर्ष 1994-95 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 105.37 लाख टन होने का अनुमान है जो कि वर्ष 1993-94 में 70.45 लाख टन था। इस प्रकार खाद्यान्न उत्पादन में 49.57 प्रतिशत बढोत्तरी की आशा है।

राज्य में कुल अनाज उत्पादन में अधिकतम योगदान खरीफ़ में बाजरा, मक्का, ज्वार तथा रबी में विशेषतः गेहूँ का रहता है। तथापि खरीफ़ में चावल, छोटे अनाज तथा रबी में जौ चना आदि भी बोया जाता है।

वर्ष 1994-95 में खरीफ़ अनाज उत्पादन 35.28 लाख टन होने की सम्भावना है, जो कि वर्ष 1993-94 में 22.70 लाख टन था। रबी अनाज उत्पादन वर्ष 1993-94 में 37.06 लाख टन की तुलना में वर्ष 1994-95 में 51.89 लाख टन होने की आशा है।

दलहन आहार में प्रोटीन स्त्रोत का एक महत्वपूर्ण संघठक है, तथा ऊर्जा व खनिज का भी अच्छा स्त्रोत है। यह निम्न एवं मध्यम आय वर्गीय परिवारों में संतुलित आहार देने में सहायक है।

खरीफ़ दालों का उत्पादन वर्ष 1993-94 के 2.75 लाख टन की तुलना में, वर्ष 1994-95 में 5.42 लाख टन होना अनुमानित है, जो कि 97.09 प्रतिशत अधिक है। रबी दालों का उत्पादन वर्ष 1993-94 के 7.94 लाख टन की तुलना में, वर्ष 1994-95 में 12.78 लाख टन होने की सम्भावना है। इस प्रकार कुल दालों के उत्पादन में वर्ष 1994-95 में 70.25 प्रतिशत वृद्धि होने की आशा है।

राजस्थान में तिलहन के उत्पादन में खरीफ़ मौसम में मूँगफली, तिल, सोयाबीन, अरंडी तथा रबी मौसम में राई-सरसों, तारामीरा, अलसी सम्मिलित है। सोयाबीन एवं राई-सरसों के उत्पादन मे वृद्धि के कारण पिछले वर्षों में तिलहन उत्पादन में उल्लेखनीय बढोत्तरी दर्ज हुई है। बोए गए क्षेत्र में वृद्धि के फलस्वरूप वर्ष 1994-95 में 32.69 लाख टन रिकार्ड स्तर पर उत्पादन होने की संभावना है।

गन्ना राज्य की महत्वपूर्ण फ़सल होने के बावजूद भी गत वर्षों में इसके उत्पादन, क्षेत्र एवं उत्पादकता में लगातार कमी हो रही है। गन्ने का उत्पादन वर्ष 1993-94 के 10.20 लाख टन की तुलना में, वर्ष 1994-95 में 8.90 लाख टन होने की आशा है, जो गत तीन वर्षों में गन्ने का उत्पादन निम्नतम है।

कपास एक महत्वपूर्ण "नगदी फसल" है, जो राज्य में विशेष कर गंगानगर ज़िले में बोई जाती है। गंगानगर के अतिरिक्त यह बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, पाली, बीकानेर ज़िलों के कुछ भागों में भी बोई जाती है। वर्ष 1994-95 में कपास का उत्पादन बढ़ कर 0.78 लाख टन होने की आशा है।

गत वर्षों में कृषि उत्पादन व उत्पादकता का स्तर, क्षेत्रफल, सूचकांकों द्वारा निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

क्षेत्रफल, उत्पादन व उत्पादकता के सूचकांक (आधार वर्ष 1979-82 =100)

वर्ष	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1989-90	103.09	165.94	155.53
1990-91	114.38	211.43	165.06
1991-92	107.68	182.33	147.41
1992-93	117.03	216.67	157.22
1993-94	109.36	156.38	122.04

5.3 **कृषि विस्तार एवं आदान प्रबन्धन**

अधिक उत्पादन की प्राप्ति हेतु अच्छे बीजों की उपलब्धि आवश्यक है, तदानुसार राज्य में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि हेतु "उन्नत बीज क़िस्म कार्यक्रम" प्रारम्भ करने की कृषि व्यूह रचना अपनाई गई है। फ़सल की उपज में उर्वरक का उपयोग एक मुख्य निर्धारक भूमिका प्रदान करता है।

राज्य में अनियमित मानसून व मौसम की विपरीत स्थिति का कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने हेतु कृषि विभाग द्वारा कृषि विस्तार एवं आदान कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। राज्य में कृषि विस्तार एवं आदान प्रबन्धन कार्यक्रमों की वर्ष 1993-94 व 1994-95 की उपलब्धियाँ निम्न तालिका में अभिलेखित की गई है:

मद	इकाई	मौसम	1993-94 उपलब्धियाँ	लक्ष्य	1994-95 उपलब्धियाँ (सम्भावित)
1- अधिक उपज वाली फ़सलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल	लाख है.	ख़रीफ़	14.56	16.60	12.41
		रबी(गेहूं)	14.83	15.00	14.00
2- अधिक उपज वाली क़िस्मों के बीजों का वितरण	000क्वि.	ख़रीफ़	40.80	49.90	42.70
		रबी(गेहू)	140.50	110.00	120.00
3- अन्य उन्नत बीजों का वितरण	000क्वि.	ख़रीफ़	47.10	40.30	52.90
		रबी(गेहूं)	37.50	37.00	40.90
4- उर्वरकों का वितरण	000टन	ख़रीफ़	227.00	246.60	263.10
		रबी	275.00	379.50	379.50
5- जीवाणु कल्चर पैकेट्स का वितरण	पैकेट्स लाख नम्बरों में	ख़रीफ़	1.67	4.50	0.43
		रबी	0.47	3.00	0.64
6- पौध संरक्षण उपायों के अन्तर्गत क्षेत्रफल	लाख है.	ख़रीफ़	45.00	38.00	31.50
		रबी	34.07	36.00	36.00

5.4 **सिंचाई**

राज्य में कुल बोए गए क्षेत्रफल का औसतन 27.20 प्रतिशत सिंचित क्षेत्र है। सिंचाई के चार प्रमुख स्त्रोतों में नहरें, तालाब, कुएँ तथा नल कूप हैं। वर्ष 1992-93 में कुल सिंचित क्षेत्रफल का 58.90 प्रतिशत कुएँ व नलकूपों से, 36.27 प्रतिशत नहरों से, तथा 4.83 प्रतिशत तालाबों व अन्य स्त्रोतों से सिंचित किया गया।

वर्ष 1990-91 से 1992-93 तक क्षेत्र वार सिंचित क्षेत्र का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है:-

(क्षेत्रफल 000 हैक्टेयर में)

सिंचाई के स्त्रोत	शुद्ध सिंचित क्षेत्र			कुल सिंचित क्षेत्र		
	1990-91	1991-92	1992-93	1990-91	1991-92	1992-93
1- नहरें	1354	1424	1428	1768	1856	1990
2- तालाब	184	163	207	200	181	230
3- कुएँ एवं नलकूप	2341	2702	2803	2658	3170	3231
4- अन्य	25	54	33	26	57	35
कुल	3904	4343	4471	4652	5264	5486

सिंचाई क्षमता के सृजन हेतु राज्य का सिंचाई विभाग विभिन्न वृहत, मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण में प्रयासरत है। वर्ष 1994-95 हेतु 280.34 करोड़ रुपये का प्रावधान विभिन्न वृहत, मध्यम और अन्य कार्यो के लिए रखा गया है जिसमें 93 करोड़ रुपये इंदिरा गांधी नहर परियोजना, एवं 23 करोड़ रुपये माही परियोजना के सम्मिलित हैं। वर्ष 1994-95 में 79.87 हज़ार हैक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित किए जाने का लक्ष्य है, जिसमें से 2670 हैक्टेयर क्षेत्र में विश्व बैंक की सहायता से, माही बज़ाज़ सागर परियोजना अन्तर्गत सिंचाई क्षमता का सृजन किया जावेगा। बाँधों की सुरक्षा परियोजना भी क्रियान्वित की जा रही है। इसके अतिरिक्त एफ. आर. पी. सहायता से 14 लघु सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

योजना अन्तर्गत वर्ष 1994-95 में इंदिरा गांधी नहर परियोजना के लिए 93 करोड़ रुपये, एवं केन्द्र प्रवर्तित योजना सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत 52 करोड़. रुपये का प्रावधान रखा गया है, जिसमें से क्रमशः 47.62 करोड़ रुपये एवं 32.59 करोड़ रुपये जनवरी 1995 तक व्यय किए जा चुके है, जब कि वर्ष 1993-94 में इंदिरा गांधी नहर परियोजना पर 79.61 करोड़ एवं 52 करोड़ रुपये केन्द्र प्रवर्तित योजनान्तर्गत व्यय किए गए थे।

5.5 **पशुपालन**

राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन/पशुधन की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो कि अल्प आय वर्ग के लघु व सीमान्त कृषकों एवं कृषि श्रमिकों को लाभप्रद रोज़गार उपलब्ध कराने में सहायक है।

राजस्थान पशु सम्पदा में सम्पन्न एवं बड़ा राज्य है। वर्ष 1992 की पशु गणना के अनुसार राज्य में 477.73 लाख (प्रावधानिक) पशु धन उपलब्ध था। राज्य के पश्चिमी ज़िले देशी पशु धन हेतु प्रसिद्ध हैं।

समग्र (एकीकृत) पशु विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 से 8 कि.मी. की दूरी पर पशु स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु जयपुर व बीकानेर संभागों में कार्यरत संस्थाओं का पुनर्गठन कर 749 उप केन्द्र स्थापित किए गए हैं। राज्य के दक्षिणी एवं पूर्वी भागों के 12 ज़िलों की 40 पंचायत समितियों में "गोपाल" योजना निरन्तर जारी है। राजस्थान डेयरी फ़ेडरेशन के सहयोग से जयपुर, भरतपुर, अलवर व दौसा ज़िलों में पशु विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अजमेर ज़िले के रामसर ग्राम में बकरियों के विकास व उनके लिए चारा उत्पादन हेतु एक बकरी प्रजनन केन्द्र कार्यरत है।

शूकर विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत अलवर ज़िले में "विदेशी नस्ल के शूकर पालन फार्म" स्थापित किया गया है। राज्य कुक्कुट फ़ार्म जयपुर में कुक्कुट विकास हेतु एक नवीन पद्धति "केज सिस्टम" विकसित की जा रही है। राज्य में 6 कुक्कुट फ़ार्म एवं 16 सघन कुक्कुट विकास केन्द्र कार्यरत हैं।

5.6 **दुग्ध विकास**

राष्ट्रीय दुग्ध विकास मन्डल के सहयोग से राजस्थान सहकारी दुग्ध संघ लिमिटेड सहकारिता के आधार पर राज्य में दुग्ध विकास कार्यक्रम का संचालन कर रहा है। यह कार्यक्रम मूल रूप से ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को शहरी उपभोक्ताओं से सामंजस्य स्थापित करने के लिए चलाया जा रहा है दुग्ध संघ की गतिविधियाँ किसानों के द्वारा स्वयं संचालित की जाती है, और दुग्ध प्रबन्ध सहकारी समितियों द्वारा किया जाता है। राजस्थान सहकारी दुग्ध संघ का प्रमुख उद्देश्य उपभोक्ताओं को अच्छी क़िस्म का दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराना, पशु स्वास्थ्य रख रखाव एवं दुग्ध उत्पादकों को उचित मूल्य दिलाया जाना सुनिश्चित करना है। दिसम्बर 1994 के अन्त में, राज्य में लगभग 9 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध प्रक्रिया क्षमता के 10 संयंत्र एवं 4 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध चिलिंग (शीतल) क्षमता के 24 संयंत्र कार्यरत थे।

राज्य के समस्त ज़िलों में 16 दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों के माध्यम से एकीकृत दुग्ध विकास कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। वर्ष 1994-95 में (दिसम्बर, 1994 तक) 84 नई दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियाँ गठित की गई तथा 212 बन्द समितियों को पुनर्जीवित किया गया। दिसम्बर 1994 के अन्त तक कुल कार्यशील समितियों की संख्या 2862 तथा इनकी कुल सदस्य संख्या 361654 थी। वर्ष 1994-95 (अप्रैल, 1994 से दिसम्बर, 1994) में औसतन 3.15 लाख लीटर दूध प्रतिदिन एकत्रित किया गया।

राज्य में 4 पशु आहार संयंत्रों के माध्यम से दुग्ध संघ पशुओं को पोषक आहार उपलब्ध करवा रहा है। वर्ष 1994-95 में (दिसम्बर, 1994 तक) इन संयंत्रों द्वारा 40507 टन पशु आहार का उत्पादन तथा 40505 टन पशु आहार का विपणन किया गया।

5.7 **भेड़ पालन**

राज्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भेड़ पालन तेज़ी से एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है क्योंकि यह व्यवसाय जनसंख्या के बहुत बड़े भाग विशेषतः समाज के कमज़ोर वर्गों को अतिरिक्त आय एवं रोज़गार के अवसर प्रदान करता है। राज्य के पश्चिमी व उत्तर पश्चिमी भागों में कमज़ोर वर्गों के लिए भेड़ पालन उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। वर्ष 1992 की पशु गणना के अनुसार राज्य में 121.68 लाख(प्रावधानिक) भेड़ें थी, जो कि देश में भेड़ों की कुल संख्या का लगभग 25 प्रतिशत है। राज्य में 2 लाख से अधिक परिवार ऊन उत्पादन व्यवसाय में लगे हुए हैं तथा राज्य में लगभग 170 लाख कि.ग्रा. ऊन का उत्पादन तथा 30 लाख से अधिक भेड़ व बकरियों का मांस प्राप्त किया जाता है।

भेड़ों में बीमारियों की रोक थाम हेतु दवाइयों की खुराकें, छिड़काव एवं टीका करण आदि कार्यक्रम बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे हैं।

बीमारियों की रोकथाम के उपायों के अतिरिक्त अच्छी क़िस्म के ऊन उत्पादन के लिए उन्नत भेड़ें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चयनित एवं वर्णसंकर नस्लों के प्रजनन के कार्यक्रम भी राज्य में चलाए जा रहे हैं।

5.8 मत्स्य पालन

राज्य में मत्स्य विकास हेतु लगभग 3.30 लाख हैक्टेयर सतही जल क्षेत्र उपलब्ध है। जिसमें से 1.20 लाख हैक्टेयर वृहद एवं मध्यम जलाशयों, 1.80 लाख हैक्टेयर छोटे तालाबों एवं 0.30 लाख हैक्टेयर नदियों/नहरों के रूप में हैं। वार्षिक लक्ष्य 12000 टन के विरुद्ध दिसम्बर 1994 तक 12220 टन मत्स्य का उत्पादन हुआ।

राज्य में 15 मत्स्य फ़ार्म विकास अभिकरण कार्यरत हैं, इनमें से प्रत्येक को एक हैक्टेयर जल क्षेत्र आवन्टित किया गया है। इन अभिकरणों द्वारा मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। वर्ष 1993-94 तक 6262 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्हें 3827 हैक्टेयर जल क्षेत्र आवन्टित किया गया। वर्ष 1994-95 में (दिसम्बर, 1994 तक) 270 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जा कर उन्हें 150 हैक्टेयर जल क्षेत्र आवन्टित किया गया।

5.9 वन

पर्यावरण संरक्षण तथा जैविक वनस्पति संतुलन बनाए रखने के लिए वन एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है।

राजस्थान देश का द्वितीय बड़ा प्रदेश है किन्तु राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 9 प्रतिशत वन के रूप में वर्गीकृत है जब कि राष्ट्रीय वन नीति में कुल क्षेत्रफल के 33.33 प्रतिशत क्षेत्र में वनों की सिफ़ारिश की गई है। इसलिए वनों का अनवरत विकास राज्य के लिए एक विचारणीय पहलू है।

पौधारोपण, वन एवं चारागाह विकास के कार्य को गति प्रदान करने के दृष्टिकोण से विशिष्ट परियोजनाओं के अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं। विश्व बैंक की सहायता से 19 गैर मरुस्थलीय ज़िलों में "राष्ट्रीय सामाजिक वानिकी परियोजना" क्रियान्वित की जा रही है। इन्दिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र बीकानेर, जैसलमेर और जोधपुर में ओ. ई.सी. एफ. (जापान) सहायता से वृक्षारोपण एवं चारागाह विकास परियोजना चलाई जा रही है। ओ.ई.सी. एफ. जापान से सहायता प्राप्त अरावली वृक्षारोपण परियोजना चालू वर्ष में 10 ज़िलों में प्रारम्भ की गई है। राज्य योजना, केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं, क्षेत्रीय विकास एवं नियोजन प्रदान करने के कार्यक्रमों के अन्तर्गत वृक्षारोपण एवं चरागाह विकास के कार्य भी वर्ष 1994-95 में क्रियान्वित किए गए हैं। वर्ष 1994-95 में (जनवरी, 1995 तक) 87206 हैक्टेयर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर पौधरोपण का कार्य संपादित किया गया तथा 336 लाख पौधे वितरित किए गए। स्थानीय व्यक्तियों को वनों के रख रखाव एवं प्रबन्ध में सम्मिलित करने हेतु ग्राम स्तर पर 869 वन संरक्षण एवं प्रबन्ध समितियाँ गठित की गई हैं।

विश्व खाद्य कार्यक्रम के अन्तर्गत वानिकी कार्य में कार्यरत श्रमिकों के लिए खाद्य इकाइयाँ वितरित की जाती हैं। एक खाद्य इकाई के अन्तर्गत 2 कि.ग्रा. गेहूँ, 200 ग्राम दालें एवं 80 मि.लि.वनस्पति तेल होता है। एक खाद्य इकाई प्रतिदिन 5 सदस्यों वाले श्रमिक परिवार को वितरित की जाती है। एक खाद्य इकाई की एवज में एक श्रमिक की दैनिक मज़दूरी में से 7 रुपये की कटौती की जाती है। वर्ष 1994-95 में (दिसम्बर,1994 तक) 20.86 लाख खाद्य इकाइयाँ वितरित की गई।

वर्ष 1989-90 के अन्त तक राज्य में कुल 31753.57 वर्ग कि.मी. वन क्षेत्र था जिसमें से 12272.71 वर्ग कि.मी. आरक्षित वन, 16116.97 वर्ग कि.मी. संरक्षित वन एवं 3363.89 वर्ग कि.मी. अवर्गीकृत वन क्षेत्र था।

5.10 **वन्य जीव संरक्षण**

वन्य जीव संपदा की दृष्टि से राजस्थान एक समृद्ध राज्य है। आकार व भौगोलिक स्थिति के कारण राज्य विभिन्न दुर्लभ पशु व पक्षियों की संरक्षण स्थली है जैसे भारतीय बस्टर्ड, चीता, तेंदुआ, चिंकारा, बारासिंघा, भेड़िया, सारस, बत्तख आदि।

राज्य में 2 राष्ट्रीय उद्यान, 23 अभयारण्य तथा 33 निषेध क्षेत्र हैं। अभी तक राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों एवं निषेध क्षेत्रों के सुधार एवं विकास पर विशेष बल दिया गया था, किन्तु आठवीं पंचवर्षीय योजना में वन्य जीव संरक्षण और इसके प्रबन्धन को भी विशेष महत्व दिया गया है।

*****

6. आधारभूत ढाँचागत विकास

6.1 विद्युत

राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल विभिन्न पन बिजली योजनाओं की खोज एवं क्रियान्विति तथा विद्युत संवहन एवं वितरण के कार्यों में संलग्न है । कोटा ताप बिजलीघर, माही जल परियोजना, व्यास, चम्बल एवं सतपुड़ा परियोजना राज्य में विद्युत आपूर्ति के प्रमुख स्त्रोत है। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय क्षेत्र के राजस्थान अणु शक्ति, सिंगरोली ताप विद्युत परियोजना, रिहन्द, अन्ता, औरैया, नरौरा एवं दादरी गैस, उंचाहार ताप विद्युत एवं टनकपुर परियोजना राज्य की विद्युत आपूर्ति में योगदान करते है। वर्ष 1993-94 के अंत में राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता 2985 मेगावॉट थी। वर्ष 1994-95 में (फ़रवरी 95 तक) इसमें 3.80 मेगावॉट उत्पादन की क्षमता को जोड़ा गया। कोटा तापीय ऊर्जा स्टेशन की दो इकाइयों के पुराने हो जाने के कारण विद्युत उत्पादन में कमी हुई है अतः संलग्न अन्य संयन्त्रो से ऊर्जा क्रय करने के प्रयास किए गए एवं इस प्रकार ऊर्जा क्रय में वृद्धि हुई। वर्ष 1993-94 में 7888 मिलियन यूनिट की तुलना मे वर्ष 1994-95 में 6914 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन होने की संभावना है।

विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में विद्युत उत्पादन क्रय एवं उपभोग की गत तीन वर्षो की स्थिति निम्न प्रकार है।

(मि०यू०में)

मद	वर्ष		
	1992-93	1993-94	1994-95 (प्रावद्यानिक)
1	2	3	4
1- उत्पादन (शुद्ध)	7961.650	7888.344	6913.880
2- क्रय	6704.853	7486.512	8415.270
3- योग(1+2)	14666.503	15374.856	15329.150
4- उपभोग			
(अ) अन्य राज्यों/ व्यवस्थाओं	501.548	272.636	500.000
(ब) सामान्य व्यवस्था (उपभोक्ता एवं शक्ति)	138.444	138.408	140.000
(स) राजस्थान के उपभोक्ता	10528.862	11091.430	11533.380
(1) घरेलू	1345.647	1545.331	1495.880
(2) अ-घरेलू	483.166	531.412	530.540
(3) औद्योगिक	4361.465	4378.917	4861.320
(4) कृषि	3361.306	3653.031	3596.110
(5) सार्वजनिक जलप्रदाय	450.511	465.695	510.930
(6) सार्वजनिक प्रभाग	48.261	54.322	50.750
(7) अन्य	478.506	462.722	487.850

राज्य लगातार विद्युत की कमी/कटौती से ग्रस्त है, तथा विद्युत उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए समय समय पर कृषि/औद्योगिक उपभोग में अनिवार्य कटौती की जाती है। फिर भी कृषि कार्यो हेतु औसतन आठ घन्टे प्रतिदिन विद्युत उपलब्ध कराई जा रही है।

वर्ष 1993-94 तक 30004 ग्रामों (राज्य के कुल ग्रामों का 80.02 प्रतिशत) का विद्युतीकरण किया जा चुका था । वर्ष 1994-95 में (फ़रवरी 1995 तक) इसके के अतिरिक्त 650 ग्राम विद्युतीकरण किए जा चुके हैं। इस प्रकार अब तक कुल 30654 ग्रामों का विद्युतीकरण हो चुका है। वर्ष 1994-95 में (फ़रवरी 95 तक) 24128 कुओं का विद्युतीकरण किया गया है। इस प्रकार अब तक कुल 4.78 लाख कुओं को ऊर्जाकृत किया जा चुका है।

वर्ष 1993-94 में विद्युत उपभोग 11091.430 मिलियन यूनिट की तुलना में वर्ष 1994-95 में लगभग 11533.38 मिलियन यूनिट होने की संभावना है। इस प्रकार प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग वर्ष 1994-95 में लगभग 263 यूनिट होने का अनुमान है, जबकि गत वित्तीय वर्ष में यह 236 यूनिट था।

6.2 **गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत-रैडा**

राज्य में सौर एवं वायु ऊर्जा उत्पादन की विपुल संभावनाएँ है। राजस्थान एक रेगिस्तानी क्षेत्रों की बहुलता वाला प्रदेश है जहाँ सूर्य के किरणों का प्रभाव अधिक रहता है। ऐसे रेगिस्तानी क्षेत्रों में सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन की अच्छी संभावनाएँ है। ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु, सौर ऊर्जा के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य हुए है। इसके अतिरिक्त सौर पम्पो, सामुदायिक टेलिविज़न सैटों का प्रसार, एस.पी.बी. लाइट के विस्तार हेतु भी सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। 35 मेगावॉट सोलर तापीय ऊर्जा परियोजना का संयन्त्र मथानिया में लगाने का प्रस्ताव किया गया है, जिसको प्राथमिकता के आधार पर स्थापित करने हेतु विश्व बैंक से सिफ़ारिश की गई है।

गर्मी के महीनों में रेगिस्तानी क्षेत्रों में वायु ऊर्जा की अधिकता रहती है। किन्तु पूरे वर्ष औसतन वायु गति के अनुसार आर्थिक रूप से वायु ऊर्जा उत्पादन व्यावहारिक नहीं है क्योंकि वर्ष भर वायु के तेज़ गति के कारण झंझावातों की आशंका को ध्यान में रखते हुए अरावली पहाड़ियों में वायु नियन्त्रण स्टेशन स्थापित किए गए है। वर्ष 1994 में पवन चक्की लगाने हेतु, पानी को ऊपर ले जानें के लिए रेडा द्वारा एक परियोजना क्रियान्वित की जा रही है।

6.3 **परिवहन व संचार**

- **सड़कें**

राजस्थान भारत में उन कुछ राज्यों में से एक हैं जहाँ औसत सड़क लम्बाई राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है। वर्ष 1994-95 में सड़कों की लम्बाई प्रति 100 वर्ग कि०मी० पर 62.0 कि०मी० के राष्ट्रीय औसत की तुलना में राज्य में मात्र 32.5 कि०मी० ही है। वर्ष 1993-94 में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा नियंत्रित की जाने वाली सड़कों की लम्बाई 63078 कि०मी० थी जो वर्ष 1994-95 में बढ़कर 64588 कि०मी० हो गई।

सड़कें क्षेत्र विशेष के विकास की सूचक होती हैं अतः राज्य की पंचवर्षीय योजनाओं में प्रारम्भ से ही इस ओर समुचित ध्यान दिया जा रहा है।

गत तीन वर्षो में सड़क लम्बाई की श्रेणी वार स्थिति निम्न प्रकार है।

(किलो मीटर में)

सड़कों के प्रकार	1992-93			1993-94		
	पक्की	कच्ची	योग	पक्की	कच्ची	योग
1	2	3	4	5	6	7
1-राष्ट्रीय राजमार्ग	2846	-	2846	2846	-	2846
2-राज्य राजमार्ग	7111	40	7151	8647	73	8720
3-मुख्य जिला सड़कें	3487	151	3638	3051	161	3212
4-अन्य जिला सड़कें	12960	2107	15067	12412	1982	14394
5-ग्रामीण सड़कें	22395	8184	30579	23338	8329	31667
6-सीमावर्ती सड़कें	2239	-	2239	2239	-	2239
योग	51038	10482	61520	52533	10545	63078

सड़कों के प्रकार	1994-95		
	पक्की	कच्ची	योग
1	8	9	10
1-राष्ट्रीय राजमार्ग	2846	-	2846
2-राज्य राजमार्ग	8657	63	8720
3-मुख्य जिला सड़कें	3091	121	3212
4-अन्य जिला सड़कें	13317	1882	15194
5-ग्रामीण सड़कें	24198	8179	32377
6-सीमावर्ती सड़कें	2239	-	2239
योग	54343	10245	64588

सड़क मार्गो के समुचित विकास हेतु राज्य सरकार द्वारा हाल ही में "सड़क नीति" की घोषणा की गई है। जिसकी मुख्य विशेषताएँ निम्न प्रकार है।

1- 1971 की जनसंख्या अनुसार 1000 या उससे अधिक आबादी वाले ग्रामों को अष्टम पंचवर्षीय योजना के अन्त तक बी०टी० सड़कों द्वारा जोड़ना ।

2- 1981 एवं 1991 की जनसंख्या के अनुसार 1000 या अधिक आबादी वाले ग्रामों को नवम पंचवर्षीय योजना के अंत तक सड़कों से जोड़ना । नवम पंचवर्षीय योजना के अंत तक जनसंख्या को आधार नहीं मानते हुए सभी पंचायत मुख्यालयों को बी.टी. सड़कों से जोड़ना।

3- सभी ऐसे ग्राम जिनकी जनसंख्या 750 या अधिक है एवं जनजाति/मरुस्थल क्षेत्र में आते है को नवम पंचवर्षीय योजना के अन्त तक बी.टी. सड़कों से जोड़ना।

4- मुख्य शहरी केन्द्रो पर बाईपास निर्माण।

5- राज्य उच्च मार्ग (हाईवें) एवं जिला मार्गों को चौड़ा करना।

6- राज्य उच्च मार्ग पर अन्तर्राज्यीय सड़को, मिसिंग लिंक्स एवं सी०डी० वर्क्स का निर्माण करना ।

उपरोक्त लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु राज्य में क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों जैसे जवाहर रोज़गार योजना, रोज़गार गारन्टी योजना, तीस ज़िले तीस काम आदि के स्त्रोतों का उपयोग भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मुख्य पुलों, सुरंगों एवं बाईपास आदि के निर्माण हेतु वित्तीय संस्थाओं एवं निजी विनियोजकों का भी सहयोग लिया जावेगा। इस कार्य में लगी पूँजी की वसूली टॉल टैक्स के माध्यम से की जावेगी। विश्व बैंक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत चार राज्य उच्च मार्गो को चौड़ा करने एवं उनका दर्जा बढ़ाने का कार्य प्रगति पर है।

- <u>सड़क परिवहन</u>

वर्ष 1993-94 में कुल 14.09 लाख मोटर वाहनों की तुलना में वर्ष 1994-95 में मोटर वाहनों की संख्या लगभग 15.47 लाख हो गई। इस प्रकार वर्ष 1994-95 में पूर्व वर्ष की अपेक्षा 9.79 प्रतिशत की वृद्धि रही।

विगत तीन वर्षों (1992 से 1994 तक) में राज्य के परिवहन विभाग में पंजीकृत विभिन्न प्रकार के मोटर वाहनों का विवरण निम्न तालिका में दर्शाया गया हैं।

(संख्या)

परिवहन साधन का प्रकार	वर्ष में वाहनों की संचयी संख्या			वर्ष 1993 की तुलना में वर्ष 1994 में प्रतिशत वृद्धि
	1992	1993	1994	
1	2	3	4	5
1- मोटर रिक्शा	90	90	90	-
2- आटो/मोटर साइकिल एवं स्कूटर	837840	920437	1020054	10.82
3- ऑटो रिक्शा	19504	20982	23168	10.42
4- टेम्पो				
(1) सामान ढोनेवाले	936	1121	1371	22.30
(2) यात्री वाहन	3679	3947	4182	5.95

1	2	3	4	5
5- कार एवं स्टेशन वैगन	59992	636777	68881	8.00
6- जीप	45783	50512	55822	10.51
7- ट्रैक्टर	166401	182156	197386	8.36
8- ट्रेलर	40878	42208	42701	1.17
9- टैक्सी	10717	11446	12171	6.33
10- बस व मिनी बस	26601	28450	30870	8.51
11- ट्रक व अन्य सामान ढोनेवाले वाहन	77045	81331	87232	7.26
12- अन्य	2567	2604	2667	2.42
योगः	1292033	1409061	1546595	9.76

वर्ष 1994-95 में (दिसम्बर, 1994 तक) 9122 सामान ढोने वाले वाहन, 1325 स्टेज कैरिजेज़ एवं 2969 अनुबंधित वाहनों को स्थाई अनुज्ञा पत्र जारी किए गए। चालू वर्ष में 6167 कि०मी० क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए 87 नए मार्ग खोले गए। इसके अतिरिक्त राज्य में प्रदूषण नियंत्रण हेतु 32 स्मोक मीटर एवं 22 गैस एनेलाइज़र दिसम्बर, 1994 तक प्रयुक्त किए गए है।

*****

7. सामाजिक आधारभूत विकास

7.1 मानव संसाधन विकास

राजस्थान शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा राज्य है। महिला साक्षरता की स्थिति राज्य में शोचनीय है। शहरी एवं ग्रामीण तथा पुरुष एवं महिला साक्षरता दर में काफ़ी अन्तर है। 1991 की जनगणना के अनुसार बिहार को छोड़ कर राज्य में 38.55 प्रतिशत साक्षरता का स्तर अन्य सभी राज्यों से कम है। 39.29 प्रतिशत अखिल भारतीय महिला साक्षरता की तुलना में राजस्थान में 20.44 प्रतिशत महिला साक्षरता है।

राज्य में शिक्षा के विकास के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु अनेक उपाय किए गए हैं, जिनमें महाविद्यालय स्तर तक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क व्यावसायिक एवं प्रावैधिक शिक्षा तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन तथा बीच में पढ़ाई छोड़ने को निरुत्साहित करना सम्मिलित है।

14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनिकीकरण राज्य का मुख्य लक्ष्य है। इसके महत्व को स्वीकारते हुए प्राथमिक शिक्षा को न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है।

राज्य में वर्ष 1994-95 में कार्यरत सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों का विवरण निम्नानुसार है :-

(संख्या में)

संस्थाएँ	सरकारी	गैर सरकारी	योग
1- प्राथमिक विद्यालय	31397	3213	34610
2- उच्च प्राथमिक विद्यालय	9152	1919	11071
3- माध्यमिक विद्यालय	2854	360	3214
4- उच्च माध्यमिक विद्यालय	967	290	1257

प्राथमिक शिक्षा के लिए बच्चों के प्रवेश में वृद्धि एवं उन्हें अध्ययन रत बनाए रखने हेतु राज्य में वर्ष 1994-95 में पहली बार लड़कियों के लिए कक्षा एक से आठवीं तक तथा लड़कों के लिए कक्षा एक से पाँच तक निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना के अन्तर्गत 10.22 लाख रुपये के मूल्य की पुस्तकें वितरित की गई और 45.68 लाख विद्यार्थियों को (15.36 लाख बालिकाओं को सम्मिलित करते हुए) लाभान्वित किया गया।

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनिकीकरण के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए " सीडा" के सहयोग से राज्य के 25 विकास खण्डों में लोक जुम्बिश परियोजना क्रियान्वित की जा रही हैं। "सीडा" के सहयोग से "शिक्षा कर्मी योजना" प्रारंभ की गई है। इस योजना के अन्तर्गत गाँवों के शिक्षित युवकों, पुरुष एवं महिला दोनों को प्रशिक्षण देकर उन्हे स्वयं के गाँवों में अध्यापक के रूप में रोज़गार दिया गया है। ये शिक्षा कर्मी दिन के समय स्कूल चलाते हैं और उन बच्चों के लिए जो दिन के समय अपनी रोज़ी के लिए व्यस्त हैं, रात्रि पाली भी चलाते हैं। इस योजना के प्रभावशाली क्रियान्विति हेतु एक स्वशासित बोर्ड का गठन किया गया।

शिक्षा कर्मी योजना के अन्तर्गत वर्तमान में 1141 स्कूल एवं 2452 रात्रि पाली स्कूल 26 ज़िलों में कार्यरत हैं, जिनमें 2751 शिक्षक कर्मियों को लगाया गया, 84162 बच्चे दिन के समय के स्कूलों के माध्यम से तथा 24528 बच्चे रात्रि पाली स्कूलों के माध्यम से लाभान्वित किए गए।

सन 2000 तक सबको शिक्षा और पूर्ण साक्षरता को ध्यान में रखते हुए आलोच्य वर्ष में शिक्षा के उद्व्यय को काफ़ी बढ़ाया गया है। वर्ष 1994-95 में शिक्षा पर 223.45 करोड़ रुपये का उद्व्यय रखा गया जो कि वर्ष 1993-94 में 125 करोड़ रुपये था। इस प्रकार मौलिक शिक्षा के उद्व्यय को 119 प्रतिशत बढ़ाया गया तथा पूर्ण साक्षरता के उद्व्यय को 105 प्रतिशत बढ़ाया गया। केन्द्रीय प्रवर्तित योजना के अन्तर्गत वर्ष 1994-95 में 43.66 करोड़ रुपये भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए।

बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षित महिलाओं की सहायता से "सरस्वती योजना" प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 1994-95 में पाँच ज़िलों में 100 सरस्वती शालाएँ खोले जाने का लक्ष्य रखा गया।

प्रौढ़ शिक्षा के अन्तर्गत राज्य में विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं। वर्ष 1990-91 में प्रारम्भ किया गया पूर्ण साक्षरता अभियान, वर्ष 1994-95 में भी जारी रहा। अजमेर एवं डूंगरपुर ज़िले पहले से ही पूर्ण साक्षर घोषित किए जा चुके हैं। भरतपुर, सीकर, पाली, टोंक, बाराँ, उदयपुर, अलवर, राजसमन्द, झुंझुनू, बूँदी, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा एवं चित्तोड़गढ़ ज़िलों मे पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम लागू किया गया है।

6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे बच्चों के लिए जो अपनी सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के कारण औपचारिक विद्यालयों में जाने में असमर्थ हैं, को प्राथमिक शिक्षा देने हेतु राज्य में 10600 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 1994 में दिसम्बर तक 3200 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र स्वीकृत किए गए।

उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु 37 स्नातकोत्तर महाविद्यालयों सहित 71 सरकारी महाविद्यालय राज्य में संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 65 सहायता प्राप्त एवं 37 गैर सहायता प्राप्त महाविद्यालय भी उच्च शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। वर्ष 1994-95 में (भरतपुर एवं गंगानगर) में दो महिला स्नातक महाविद्यालय को स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रमोन्नत किए गए तथा राजकीय महाविद्यालयों में 14 नए विषय प्रारम्भ किए गए।

प्रावैधिक शिक्षा निदेशालय द्वारा राज्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं पोलीटैक्नीक के माध्यम से तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

7.2 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य छूत एवं अन्य बीमारियों पर नियंत्रण व उनका उन्मूलन करना तथा राज्य के लोगों को उपचार एवं बचाव से सम्बन्धित सेवाएँ उपलब्ध कराना है।

वर्ष 1994-95 (दिसम्बर 1994) के दौरान संचालित एलोपैथिक चिकित्सा संस्थाओं से सम्बन्धित विवरण निम्न प्रकार है :-

क्र०सं० संस्थाएँ	संख्या
1- चिकित्सालय	218
2- औषधालय	273
3- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/	1507
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	246
4- मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र	118
5- उप केन्द्र	8000
6- रोगी शैय्याऐं	35663

राज्य में प्रति एक लाख की जनसंख्या पर (1991 की जनगणना) 81 शैय्याऐं (दिसम्बर, 1994) तक उपलब्ध हैं।

"मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम" के अन्तर्गत दिसम्बर,1994 तक 4400599 रक्त पट्टिकाओं की जाँच के लक्ष्यों के विरुद्ध 4525430 रक्त पट्टिकाओं को एकत्रित कर जाँच की गई।

शिशु मृत्यु दर पर अंकुश रखने एवं गम्भीर रोगों से रक्षा हेतु राज्य में एक सघन बाल प्रतिरक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। वर्ष 1992-93 में प्रारम्भ किया गया "सुरक्षित बाल जीवन एवं सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम " वर्ष 1994-95 में भी जारी रहा।

राष्ट्रीय "एड्स कन्ट्रोल कार्यक्रम" के अन्तर्गत " एड्स सैल " स्थापित किया गया है तथा राज्य के पाँच चिकित्सा महाविद्यालयों में "रक्त जाँच केन्द्र" स्थापित किए गए हैं।

अंधता निवारण राष्ट्रीय कार्यक्रम जो कि वर्ष 1977-78 में प्रारम्भ किया गया था, उसको वर्ष 1994-95 में विश्व बैंक की सहायता से सशक्त करते हुए मोतियाबिंद अंधता निवारण परियोजना के रूप में आगे सात वर्ष के लिए क्रियान्वित की जा रही है। इस परियोजना अवधि के लिए 65.24 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।

अन्य चिकित्सा संस्थाओं में दिसम्बर, 1994 तक राज्य में 3495 आयुर्वेदिक, 108 होम्योपैथिक , 78 यूनानी एवं 4 प्राकृतिक अस्पताल/औषधालय कार्यरत हैं। उसके अतिरिक्त आयुर्वेदिक विभाग के अधीन अजमेर में 200 शैय्याओं की मोबाइल सर्जिकल इकाई भी कार्यरत हैं।

अजमेर, जोधपुर, भरतपुर एवं उदयपुर में 4 आयुर्वेदिक रसायन शालाएँ संचालित की जा रही हैं। जहाँ औषधियों का निर्माण कर उन्हें आयुर्वेदिक, यूनानी एवं प्राकृतिक अस्पतालों/औषधालयों को उपलब्ध कराया जाता है।

7.3 परिवार कल्याण

"छोटे परिवार" के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण राज्य में सघन परिवार कल्याण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वर्ष 1994-95 मे 2.50 लाख नसबन्दी के लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर 1994 तक 1.18 लाख नसबन्दी ऑपरेशन किए गए। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा लागू की गई सामाजिक सुरक्षा नेट स्कीम राज्य के 23 ज़िलों मे क्रियान्वित की जा रही है। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक की सहायता से वर्ष 1994-95 में नई " भारतीय जनसंख्या परियोजना IX" भी राज्य में सात वर्ष के लिए प्रारम्भ की गई है। इस परियोजनान्तर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाओं में सुधार हेतु 108 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस परियोजना के क्रियान्वयन में राज्य के पश्चिमी ज़िलों को विशेष महत्व दिया गया है।

7.4 जल आपूर्ति

भौगोलिक विषमता, भूजल तथा सतही जल की सीमित उपलब्धता के कारण राज्य में सुरक्षित पेयजल की जटिल समस्या है। राज्य सरकार जनता को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के कार्य को उच्च प्राथमिकता दे रही है।

वर्ष 1994-95 में राज्य में पेयजल आपूर्ति हेतु राज्य योजनान्तर्गत 203.24 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें से 130.59 करोड़ रुपये शहरी क्षेत्रों एवं 72.65 करोड़ रुपये ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित किए गए हैं। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। दिसम्बर, 1994 तक जल आपूर्ति के विभिन्न साधनों जैसे ट्यूबवेल, हैन्डपम्प आदि तथा परम्परागत जल स्त्रोतों एवं जल आपूर्ति योजनाओं के माध्यम से 36629 गाँवों को सुरक्षित पेयजल योजना के अन्तर्गत लिया गया है।

वर्ष 1994-95 में 1450 गाँवों , 500 ढ़ाणियों एवं 1000 अनु० जाति/अनु० जनजाति बस्तियों में अतिरिक्त रूप से सुरक्षित पेयजल सुविधाएँ उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य है।

7.5 आवास

नगरों एवं कस्बों की शहरी जनसंख्या में तेज़ी से वृद्धि हुई है। आवास जैसी आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नियोजित आर्थिक विकास प्रक्रिया में सतत प्रयास किए गए। आवासीय समस्या के समाधान हेतु राज्य के पिछड़े वर्गों को अच्छे एवं सस्ते मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 फ़रवरी 1970 को राजस्थान आवासन मण्डल की स्थापना हुई। राजस्थान आवासन मण्डल की गतिविधियों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है :

क्र.सं.	मद	इकाई	उपलब्धि
1-	63 शहरों/कस्बों में आवेदन पँजीकरण	संख्या	207318
2-	दिसम्बर 1994 तक निर्माण स्थिति	" "	137466
3-	पूर्ण निर्मित मकान	" "	129914
4-	निर्मित मकानों का आवंटन	" "	125244
5-	मकानों का कब्जा	" "	107829
6-	1994-95 का निर्धारित लक्ष्य	" "	11000
7-	दिसम्बर 1994 तक निर्माणाधीन मकान	" "	9698

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा भवन निर्माण की नई तकनीकी जैसे सीमेंट ब्लाक्स का उपयोग, प्री कास्टेड रूफ सीलिंग आदि अपनाई गई है। भारत सरकार के सहयोग से आवास विकास संस्थान का गठन किया गया है। इस संस्थान द्वारा आधुनिक तकनीक टर्नल शटरिंग पद्धति का उपयोग किया जा रहा है। जिससे निर्माण लागत/समय में कमी आई है। इसके अतिरिक्त ढाँचे वाले आवास आवंटन की योजना भी प्रारम्भ की गई है। मकानों के पँजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावशाली बनाने के लिए भी अभियान चलाया गया है।

7.6 पिछड़ी जातियों का कल्याण एवं समाज कल्याण

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए राज्य का समाज कल्याण विभाग विभिन्न कार्यक्रम चला रहा है। इसके अतिरिक्त बच्चों, महिलाओं एवं अपंग व्यक्तियों की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए उनके जीवन स्तर में सुधार हेतु भी अनेक कार्यक्रम राज्य में क्रियान्वित किए जा रहे हैं।

- अनुसूचित जाति कल्याण

गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की आर्थिक उन्नति करने हेतु 28 मार्च 1980 को राजस्थान अनुसूचित जाति विकास सहकारी निगम की स्थापना की गई। अब इसे राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि० के रूप में में पुनर्गठित किया गया है। निगम की स्थापना से अब तक 1047710 व्यक्ति लाभान्वित हो चुके हैं।

- अनुसूचित जनजाति कल्याण

संविधान के अनुच्छेद 46 में सरकार को अनुसूचित जाति/अनु० जन जातियों के आर्थिक एवं शैक्षणिक हितों के उत्थान हेतु उत्तरदायी बनाया गया है। प्रथम पंचवर्षीय योजना में जनजाति क्षेत्र एवं जनजाति परिवारों के आर्थिक उत्थान हेतु मूल रूप रेखा तय की गई थी। क्षेत्रीय आधार पर जनजाति बहुल क्षेत्रों की मूल आधारभूत सुविधाएँ वर्ष 1974-75 में जनजाति क्षेत्रीय उपयोजना बनाते समय निर्धारित की गई थी। जनजातियों में मुख्य रूप से भील,मीणा, गरासिया, डामोर एवं कथोडी राजस्थान में निवास करते हैं। घोषित उपयोजना में बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तोड़गढ़ एवं सिरोही की 23 पंचायतें हैं। 1991 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में कुल जनजाति जनसंख्या 54.75 लाख है, जिसमें से 24.01 लाख व्यक्ति जनजाति उपयोजना क्षेत्र में निवास करते हैं।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा जनजातियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान से सम्बन्धित विभिन्न विकास योजनाएँ क्रियान्वित की जा रही हैं। अनुसूचित जनजाति के विकास एवं कल्याण हेतु वर्ष 1994-95 में कुल 33312.98 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। जिसमें से 21244.17 लाख रुपये राज्य योजना, 1336.30 लाख रुपये विशेष केन्द्रीय सहायता 1919.30 लाख रुपये संस्थागत वित्त एवं 8813.21 लाख रुपये केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं के अन्तर्गत उपलब्ध कराए गए हैं।

- महिला एवं बाल कल्याण

वर्तमान में 178 बाल विकास योजनाएँ हैं जिनमें से 139 ग्रामीण क्षेत्रों में 11 शहरी क्षेत्रों में और 28 जनजाति क्षेत्रों में है। राज्य की 237 पंचायत समितियों में से 31 ज़िलों की 167 पंचायत समितियों में इन सेवाओं का विस्तार किया जा चुका है। वर्ष 1994-95 पोषाहार कार्य क्रम के अन्तर्गत 14.80 लाख बच्चों एवं महिलाओं को लाभान्वित किया जाना है।

महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएँ जैसे महिला मंडल, किशोर बालिका योजना एवं ढाकरा आदि संचालित की जा रही हैं

*****

8. ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

ग्रामीण विकास कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य (1) अधिक रोज़गार (2) ग्रामीणों के मध्य आय का समान वितरण एवं ग़रीबी उन्मूलन और (3) अच्छे सामाजिक व आर्थिक जीवन यापन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक विनियोजन है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु वर्ष 1994-95 के दौरान राज्य एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं/कार्यक्रम की क्रियान्विति जारी रही।

एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम का मूल उद्देश्य अतिरिक्त रोज़गार के अवसर जुटाना एवं चयनित ग़रीब परिवारों का आर्थिक स्तर बढ़ाना है। वर्ष 1994-95 के दौरान 1.08 लाख परिवारों के लक्ष्य के विरुद्ध फ़रवरी, 1995 तक 0.94 लाख परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है। ट्राइसम योजना के अन्तर्गत जो कि एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम का ही भाग है, ग्रामीण बेरोज़गार युवकों को स्वरोज़गार एवं मज़दूरी रोज़गार हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है, इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 9000 युवकों को प्रशिक्षण के लक्ष्य के विरुद्ध फ़रवरी, 1995 तक 6865 युवकों को प्रशिक्षित किया गया। 2093 प्रशिक्षित युवकों को स्वरोज़गार एवं मज़दूरी रोज़गार दिया गया।

जवाहर रोज़गार योजना का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोज़गार एवं अर्ध बेरोज़गार पुरुष एवं स्त्री दोनों हेतु अतिरिक्त रोज़गार के अवसर सृजन करना है। वर्ष 1994-95 के दौरान 385.21 लाख मानव दिवस रोज़गार सृजन के लक्ष्य के विरुद्ध माह फ़रवरी, 1995 तक 306.27 लाख मानव दिवस रोज़गार का सृजन किया गया। फ़रवरी, 1995 तक इन्दिरा आवास योजना में 22258 मकान निर्मित कराए गए एवं जीवन धारा योजना में 2527 कुओं का निर्माण कराया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में जनोपयोगी सम्पदा के निर्माण के माध्यम से अतिरिक्त रोज़गार सृजन हेतु 1 जनवरी 1991 से अपना गाँव अपना काम योजना लागू की गई थी। वर्ष 1994-95 के दौरान फ़रवरी, 1995 तक 14.28 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। फ़रवरी, 1995 तक 1272 कार्य पूर्ण किए गए हैं और 1572 कार्य प्रगति पर हैं। संशोधित वित्तीय पद्धति के अनुसार 50 प्रतिशत जन अंशदान/पंचायतें (जिसमें कम से कम 30 प्रतिशत जन अंशदान) मज़दूरी और सामग्री के रूप में होगा और 50 प्रतिशत अंशदान राज्य का जवाहर रोज़गार योजना/ अन्य योजना कोष के रूप में होगा।

मरु विकास कार्यक्रम (जो कि शत प्रतिशत केन्द्र प्रवर्तित योजना है) के अन्तर्गत राज्य के 11 रेगिस्तानी ज़िलों के 85 खण्ड सम्मिलित हैं। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1994-95 के लिए 64.50 लाख रुपये का प्रावधान रखा है। राज्य की 1994-95 की योजना में सूखा सम्भावित कार्यक्रम हेतु 11.33 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।

बायो गैस कार्यक्रम के अन्तर्गत फ़रवरी, 1995 तक 1.72 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं और 5000 संयंत्र के लक्ष्य के विरुद्ध 3947 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं।

स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं को महत्व देने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि योजना निधियों में से कुछ राशि ज़िलों को हस्तान्तरित कर उनके द्वारा अति आवश्यक कार्यों के निष्पादन हेतु दी जावे। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए निर्बन्ध राशि योजना (अनटाइड फन्ड) राज्य में क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत फ़रवरी, 1995 तक 489 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं।

स्वयं ज़िलों को प्राप्त सीमित स्थानीय संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के विचार से राज्य में वर्ष 1991-92 में "तीस जिला तीस काम" योजना शुरू की गई। इस योजना अन्तर्गत में ज़िले में विभिन्न प्रवृत्तियों के विकास का क्षेत्र व प्राप्त संसाधन के आधार पर प्रति वर्ष एक प्रवृत्ति पर विनियोजन किया जाता है। माह फ़रवरी, 1995 तक इस योजना के अन्तर्गत 619 कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

मेवात विकास के अन्तर्गत अलवर तथा भरतपुर ज़िलो के मेव क्षेत्र में विकास हेतु दो करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। मेवात क्षेत्र में सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

ग्रामीण क्षेत्र में समाज के ग़रीब वर्गों को रोज़गार उपलब्ध करवाने के विचार से रोज़गार सुनिश्चित योजना की घोषणा की गई। वर्ष 1994-95 हेतु 122 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। फ़रवरी, 1995 तक 82.60 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। यह योजना 172 पंचायत समितियों में क्रियान्वित की जा रही है।

ग़रीबी उन्मूलन एवं विकास को गति देने के उद्देश्य से एक वृहद परियोजना का एप्रोच पेपर तैयार किया जा कर विश्व बैंक सहायता हेतु स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। उक्त परियोजना के अन्तर्गत ज़िलों को 15 से 20 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रति वर्ष चार से पाँच वर्ष तक उपलब्ध करवाई जावेगी। प्राथमिक सर्वेक्षण के आधार पर सर्वप्रथम राजसमंद ज़िले का चयन हुआ है। इसी प्रकार विकास हेतु 200 करोड़ रुपये की लूनी बेसिन परियोजना का एप्रोच पेपर के. एफ. डब्ल्यू. जर्मन मिशन को वित्तीय सहायता हेतु भिजवाया गया। दस्यु पीड़ित एवं डांग क्षेत्र के विकास हेतु एक विशेष योजना तैयार कर स्वीडिश इंटर नेशनल डवलपमेंट एजेन्सी (एस. आई. डी. ए.) को वित्तीय सहायता हेतु भिजवाई गई है। बाराँ ज़िले के सहारिया जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए एक परियोजना भारत सरकार को भिजवाई गई है और जिसकी वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतों के लिए 1111 लाख रुपयों का तथा ग्रामीण आवासन हेतु 468 लाख रुपये वर्ष 1994-95 में उपलब्ध कराए गए।

ग्रामीण ग़रीब परिवारों को निःशुल्क भूखण्ड आवंटन योजना के अन्तर्गत दिसम्बर, 1994 तक 29021 भूखण्डों का आवंटन हो चुका है।

*****

9. अन्य कार्यक्रम

9.1 बीस सूत्री कार्यक्रम

बीस सूत्रीय कार्यक्रम आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन एवं ग़रीबी के विरुद्ध संघर्ष के लिए एक कारगर दस्तावेज़ हैं तथा इस कार्यक्रम ने विकास को द्रुत गति प्रदान की है। सम्पूर्ण विकास की योजना अन्तर्गत इस कार्यक्रम द्वारा समग्र क्षेत्रों के विकास पर विशेष ज़ोर दिया गया है । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक उत्पादकता एवं असमानता को कम करना है।

इस कार्यक्रम में ग़रीबी हटाने, जीवन स्तर सुधारने, वातावरण एवं परिस्थितियों का विकास एवं कमज़ोर वर्ग की आय को कम होने से बचाने के कार्यक्रम भी सम्मिलित हैं।

राज्य सरकार ने इस बहु आयामी कार्यक्रम के कुशल क्रियान्वयन का विशेष तरीक़ा अपनाया है जिसमें योजना कोष का आवंटन, भौतिक लक्ष्यों के परिणाम तथा कई स्तरों पर जवाब देही निश्चित की गई है। परीवीक्षण के अन्तर्गत निचले स्तर से उच्च स्तर तक सूचना प्रेषण की पद्धति को भी सुदृढ़ किया गया है।

बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 119 मद हैं जिनमें से 65 मदों को भौतिक लक्ष्यों के लिए चिन्हित किया गया है तथा शेष 54 मदों का परीवीक्षण मूल्यांकन आधार पर किया जा रहा है।

9.2 अकाल राहत एवं सहायता

वर्ष 1993-94 में मानसून के दौरान माह अगस्त, 1993 मे लम्बी अवधि तक सूखा होने के कारण फ़सलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर 25 ज़िलों के 22586 गाँवों को दिनांक 31 जनवरी, 94 को अभाव ग्रस्त घोषित किया गया। राज्य सरकार ने दिनांक 1 फ़रवरी, 1994 से राहत कार्य प्रारम्भ किए एवं 15 जुलाई, 1994 तक चलाए गए। राहत कार्य इस दृष्टि से स्वीकृत किए गए कि स्थाई निर्माण कार्य हो एवं पिछले वर्ष के अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जावे।

माह जून, 1994 की समाप्ति तक अकाल एवं राहत कार्यों के अन्तर्गत 7.93 लाख श्रमिकों को रोज़गार उपलब्ध करवाया गया। राहत कार्यों हेतु 160.74 करोड़ रुपये जिला कलेक्टरों को आवंटित किए गए। ग्रीष्म काल में 126.26 लाख रुपये की राशि जिला कलेक्टरों को समस्या ग्रस्त गाँवों में पेय जल उपलब्ध करवाने हेतु आवंटित किए गए।

अनुग्रह सहायता योजना के अन्तर्गत 140.28 लाख रुपये आवंटित किए गए तथा 28816 व्यक्तियों को राहत प्रदान की गई। मनुष्यों के स्वास्थ्य के लिए 93.41 लाख रुपये एवं पशुओं के कल्याण हेतु 53.00 लाख रुपयों की दवाइयाँ क्रय की गई। बाढ़ नियन्त्रण योजना के तहत प्रभावित व्यक्तियों को राहत हेतु 92.90 लाख रुपये आवंटित किए गए। इसके अतिरिक्त वर्ष 1993 में विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों को बाढ़ राहत कार्य हेतु 2821.31 लाख रुपये उपलब्ध करवाए गए।

9.3 अल्प बचत

राज्य की आर्थिक स्थिति में अल्प बचत की महत्वपूर्ण भूमिका हो गई है। चूँकि कुल संकलन का 75 प्रतिशत भाग भारत सरकार से दीर्घ कालीन ऋण के रूप में वापिस लिया जा सकता

है अतः अल्प बचत कार्यक्रम का राज्य के वित्तीय संसाधनों में ठोस योगदान रहता है। राज्य सरकार ने अल्प बचत का वातावरण तैयार करने हेतु विभिन्न प्रोत्साहनों की घोषणा की है जिसके फलस्वरूप अल्प बचत के संकलन में सराहनीय वृद्धि हुई है। परिवारों, व्यक्तियों, निगमों एवं संस्थाओं की बचत को श्रृंखलित करे राज्य के आर्थिक विकास में विनियोजित किया जाता है।

अल्प बचत कार्यक्रम अंतर्गत वित्तीय वर्ष 1994-95 के लिए 460 करोड़ रुपये की राशि का लक्ष्य तय किया गया है जिसके विरुद्ध 402 करोड़ रुपये माह दिसम्बर 1994 तक संकलित किए जा चुके हैं। यह लक्ष्य का 87 प्रतिशत है। वर्तमान गति को देखते हुए यह आशा की जाती है कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्यों का 120 प्रतिशत उपलब्धि होगी अर्थात 560 करोड़ रुपये की शुद्ध जमा होने की आशा है।

वर्ष 1994-95 आय-व्ययक में 350 करोड़ रुपये के अल्प बचत के लक्ष्यों के विरुद्ध फ़रवरी, 95 तक के शुद्ध संकलन के आधार पर राज्य सरकार द्वारा 450.31 करोड़ रुपये की राशि ऋण के रूप में केन्द्र सरकार से प्राप्त कर ली गई है।

